सोमवार, 2 मार्च 2026

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 22 – 34 |
| आर्द्रता | 76% |
| सूर्योदय: 05:59 | सूर्यास्त: 17:40 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, फाल्गुन शुक्लपक्ष चतुर्दशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

स्थानीय खबरें पृष्ठ चार और पांच पर

सुविचार : परिस्थितियों को सदा अपने पक्ष में होने की कामना नहीं की जा सकती।



ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई की मौत के बाद भारत के कई हिस्सों में प्रदर्शन हुए पृष्ठ 7

# विधानसभा चुनाव से पहले बंगाल में भाजपा ने शुरू की परिवर्तन यात्रा

## भाजपा के दिग्गज नेताओं ने चार जगहों से यात्रा को दिखाई झंडी

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल में विधानसभा चुनाव से ठीक पहले भाजपा ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर को तेज करने और जनसंपर्क बढ़ाने के उद्देश्य से रविवार को 5,000 किलोमीटर लंबी परिवर्तन यात्रा शुरू की। राज्य के चार अलग-अलग स्थानों से बड़ी जनसभाओं के साथ परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ हुआ। उत्तर बंगाल के कूचबिहार जिले के रासमेला मैदान से भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने दोपहर में परिवर्तन यात्रा को हरी झंडी दिखाई। इसी तरह नवद्वीप मंडल में नदिया जिले के कृष्णनगर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र से केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री व भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, मेदिनीपुर मंडल में झाड़ग्राम जिले के गड़बेता से केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और आसनसोल के कुल्टी से केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

**भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन बोले... 'घुसपैठियों की सरकार से बंगाल को मुक्त कराएंगे'**

कूचबिहार में यात्रा को झंडी दिखाने से पहले जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने ममता बनर्जी सरकार पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि घुसपैठियों की मददगार व गुंडाराज वाली सरकार से बंगाल को मुक्त कराएंगे। ममता पर तीखा हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि यहां की मुख्यमंत्री को घुसपैठियों के प्रति ममता है जबकि बंगाल की जनता के प्रति नफरत है। यह नहीं चलेगा। बंगाल में इस बार परिवर्तन तय है। इसके लिए भाजपा कार्यकर्ता और बंगाल की जनता हर कुर्बानी देने का तैयार हैं। आज पूरे बंगाल में लोगों की जुबान पर एक ही शब्द है परिवर्तन- परिवर्तन- परिवर्तन। परिवर्तन की आवाज के साथ यह यात्रा बंगाल के घर-घर तक जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि इस बार हम दो होली मनाएंगे। एक चार मार्च को और दूसरी होली भाजपा की जीत के बाद मनाएंगे। हमें बंगाल को सिंडिकेट व भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी तृणमूल सरकार के कुशासन से मुक्ति दिलाना है।



केंद्रीय मंत्री जे पी नड्डा कृष्णानगर में 'परिवर्तन यात्रा' को हरी झंडी दिखाते हुए

**ममता बनर्जी का जाना तय है : प्रधान**

वहीं, गड़बेता में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि ममता बनर्जी का जाना तय है। जनता के मन में परिवारवाद व भ्रष्टाचार के विरूद्ध आक्रोश है। परिवर्तन होकर ही रहेगा।

**तृणमूल के घुसपैठियों की मदद करने से राज्य के मूल निवासी अल्पसंख्यक बन जाएंगे : नड्डा**

केंद्रीय मंत्री जे पी नड्डा ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार पर घुसपैठियों की मदद करने का आरोप लगाते हुए रविवार को दावा किया कि इसके कारण राज्य के मूल निवासी अल्पसंख्यक हो जाएंगे। नड्डा ने नदिया जिले के कृष्णानगर में एक रैली को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस राज्य को 'घुसपैठियों का केंद्र' बनाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने ममता सरकार के कार्यकाल में राज्य में कानून-व्यवस्था नहीं होने का आरोप लगाते हुए कहा कि टीएमसी का मतलब 'टेरर', 'मुस्लिम अपीजमेंट' एवं 'करप्शन' (आतंक, मुस्लिम तुष्टीकरण और भ्रष्टाचार) है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने कहा कि तृणमूल सरकार ने राज्य में आयुष्मान भारत योजना को लागू नहीं होने दिया जिससे करीब 40 लाख परिवार पांच लाख रुपये तक के नि:शुल्क इलाज से वंचित रह गए। उन्होंने कहा कि यहां सत्ता में आने के तुरंत बाद हम बंगाल में 'आयुष्मान भारत' लागू करेंगे।

### शाह, राजनाथ सहित भाजपा के कई दिग्गज नेता आज पांच जगहों से परिवर्तन यात्रा को दिखाएंगे झंडी

बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले शुरू हुई भाजपा की परिवर्तन यात्रा को सोमवार को दूसरे दिन पांच और जगहों से भाजपा के कई दिग्गज नेता हरी झंडी दिखाएंगे। सोमवार को जिन पांच जगहों से परिवर्तन यात्रा की शुरुआत होगी, उसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दक्षिण 24 परगना जिले के रायदिघी में दोपहर में विशाल जनसभा के बाद यात्रा को हरी झंडी दिखाएंगे। दूसरी ओर, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह उसी समय हावड़ा के आमता में जनसभा के बाद परिवर्तन यात्रा को झंडी दिखाएंगे। इसके अलावा, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस बर्दवान के हासन विधानसभा क्षेत्र में जनसभा के बाद यात्रा को हरी झंडी दिखाएंगे। वहां मिथुन चक्रवर्ती मौजूद रहेंगे। केंद्रीय कृषि मंत्री व मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली से जबकि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन उत्तर दिनाजपुर जिले के इस्लामपुर से परिवर्तन यात्रा को दोपहर में झंडी दिखाएंगे।

## ओमान के तट पर तेल टैंकर पर हमला, चालक दल के 15 भारतीय सदस्य थे सवार



**नयी दिल्ली :** ओमान के तट के पास भारतीय चालक दल के 15 सदस्यों वाले तेल टैंकर पर हमला हुआ है जिसमें चार व्यक्ति घायल हो गए हैं। स्थानीय अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। ओमान के समुद्री सुरक्षा केंद्र के अनुसार तेल टैंकर 'स्काईलाइट' पर ओमान के मुसंदम प्रांत के पास तट से लगभग पांच समुद्री मील उत्तर में हमला किया गया। केंद्र ने बताया कि तेल टैंकर पर पालाऊ का ध्वज अंकित था। केंद्र ने कहा कि हमले में 20 सदस्यीय चालक दल को सुरक्षित रूप से निकाल लिया गया। केंद्र के अनुसार चालक दल में 15 भारतीय और पांच ईरानी नागरिक शामिल थे। चालक दल के चार सदस्यों को चोट आईं और उन्हें आवश्यक चिकित्सा देखभाल के लिए ले जाया गया। घटना उस समय हुई जब ईरान ने उत्तरी खाड़ी में इजराइल के साथ बढ़ते तनाव के बीच प्रतिरोधी हमले तेज कर दिए हैं। ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमलों के बाद यह ताजा तनाव उत्पन्न हुआ है। इसके बाद तेहरान ने मिसाइल और ड्रोन से हमले किए। ओमान के अधिकारियों ने बयान में यह नहीं बताया कि टैंकर पर किसने हमला किया।

## गरीबों का हक छीन रही है द्रमुक : पीएम मोदी



**मदुरै (तमिलनाडु) :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार पर आरोप लगाया कि वह गरीबों, युवाओं और किसानों का हक छीन रही है और ऐसी भ्रष्ट सरकार को सत्ता में बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। चेन्नई के पास मदुरंथकम में 23 जनवरी की रैली के बाद राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की दूसरी बड़ी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जनता तमिलनाडु में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को फिर से सत्ता में लाने का फैसला कर चुकी है। उन्होंने साफ-सुथरी छवि, सुशासन वाली सरकार बनाने का भरोसा दिया। तमिलनाडु में राजग का नेतृत्व अन्नाद्रमुक करता है। प्रधानमंत्री ने कहा, द्रमुक गरीबों, युवाओं और किसानों का हक छीन रही है; ऐसी भ्रष्ट सरकार को सत्ता में रहने का नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होंने द्रमुक और उसकी सहयोगी कांग्रेस पर कच्चातीवु द्वीप छोड़ने का भी आरोप लगाया। मोदी ने कहा, कांग्रेस ने तमिलनाडु से बदला लिया और कच्चातीवु दे दिया। फिर द्रमुक ने कुछ नहीं किया। इसके अलावा उन्होंने केंद्र में रहते हुए कांग्रेस-द्रमुक गठबंधन पर जल्लीकट्टु पर प्रतिबंध लगाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने इस प्रतिबंध को हटाया और साथ ही साथ तमिल संस्कृति के प्रति सम्मान दिखाते हुए संसद में सेंगोल स्थापित किया।

# 'संकटमोचक' संजू की पारी के दम पर वेस्टइंडीज को हराकर भारत सेमीफाइनल में

**कोलकाता :** संजू सैमसन ने 'संकटमोचक' की भूमिका निभाते हुए नाबाद 97 रन बनाये जिसकी मदद से भारत ने 'क्वार्टर फाइनल' की तरह रहे टी20 विश्व कप के सुपर आठ मुकाबले में रविवार को वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया जहां पांच मार्च को उसका सामना इंग्लैंड से होगा। दूसरे सेमीफाइनल में चार मार्च को दक्षिण अफ्रीका की टक्कर न्यूजीलैंड से होगी। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर चार विकेट पर 194 रन बनाये। खचाखच भरे ईडन गार्डंस पर भारत के फॉर्म में चल रहे सभी बल्लेबाज नाकाम रहे लेकिन संजू ने संभवत: अपने कैरियर की सबसे यादगार पारी खेलकर वेस्टइंडीज के जीत के अश्वमेधी अभियान में नकेल कसी। अभिषेक शर्मा ( 11 गेंद में 10 रन) एक बार फिर न सिर्फ बल्ले से नाकाम रहे बल्कि उन्होंने दो कैच भी टपकाये जबकि ईशान किशन भी दस रन बनाकर आउट हो गए। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 16 गेंद में 18 और तिलक वर्मा ने 15 गेंद में 27 रन बनाये। वहीं हार्दिक पंड्या 14 गेंद में 17 रन ही बना सके। वहीं संजू ने 50 गेंद की पारी में 12 चौके और चार छक्के लगाये और सलामी बल्लेबाज के रूप में उतरकर 'फिनिशर' की भूमिका निभाकर लौटे। भारत ने चार गेंद बाकी रहते जीत दर्ज की। संजू ने 19वें ओवर में रोमारियो शेफर्ड को स्क्वेयर लेग में छक्का लगाया और अगली गेंद पर चौका जड़ दिया। इसके साथ ही इस मैदान पर 2016 टी20 विश्व कप जीतने वाली कैरेबियाई टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गई। जीत के बाद स्टैंड से ' मां तुझे सलाम' और 'चक दे इंडिया' जैसे गानों के बीच सैमसन घुटने के बल बैठे, हेलमेट उतारा और ईश्वर को याद किया। भारतीय टीम ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। संजू ने तीसरे विकेट के लिये सूर्यकुमार के साथ 58 रन की साझेदारी की। इसके बाद तिलक के साथ 26 गेंद में 42 रन जोड़े। पृष्ठ 8





## ट्रायल कोर्ट के फैसले से आप को प्राणवायु

दिल्ली की एक ट्रायल कोर्ट ने शराब नीति से जुड़े कथित भ्रष्टाचार मामले में आम आदमी पार्टी के संयोजक व दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को आरोप मुक्त किया है। उल्लेखनीय है कि यह फैसला सीबीआई की तरफ से दायर मामले में आया है। अदालत ने सीबीआई की जांच में खामियों को उजागर करते हुए कहा कि आरोप गवाह या ठोस सबूतों पर आधारित नहीं हैं। अदालत का तर्क था कि चार्जशीट में उल्लेखित दावे तार्किक आधार नहीं रखते। उल्लेखनीय है कि अरविंद केजरीवाल के मुख्यमंत्री रहते हुए दिल्ली सरकार ने एक नई आबकारी नीति साल 2021 में लागू की थी। जिसके अंतर्गत शराब कारोबार निजी क्षेत्र को देने का निर्णय लिया गया था। तत्कालीन सरकार ने दलील दी थी कि नई नीति राज्य के राजस्व में आशातीत वृद्धि करेगी। बहरहाल, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल और उनके डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया फिलहाल नैतिक रूप से खुद को बेहतर स्थिति में होने का दावा कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि ट्रायल कोर्ट ने सीबीआई द्वारा दर्ज दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मामले में केजरीवाल तथा 21 अन्य आरोपियों को बरी कर दिया है। निश्चय ही संकट से जूझ रही आम आदमी पार्टी के लिये यह फैसला प्राणवायु जैसा साबित हो सकता है। दरअसल, कोर्ट ने इस बाबत सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि जांच एजेंसी का मामला न्यायिक जांच की कसौटी पर खरा नहीं उतरता है। कोर्ट का कहना था कि अटकलों व अनुमानों को कानूनी रूप से मान्य सबूतों के रूप में पेश नहीं किया जा सकता। बहरहाल, इस फैसले के खिलाफ सीबीआई ने दिल्ली हाईकोर्ट में अपील दायर कर दी है। इसके बावजूद ट्रायल कोर्ट का यह फैसला केजरीवाल व उनकी टीम के लिये आधी लड़ाई जीतने जैसा है। जिससे वे खुद को आम आदमी पार्टी के कोर वोटरों को अपने पाक-साफ होने का विश्वास दिलाने का प्रयास कर सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि बीते साल दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा ने इस प्रकरण को अपना मुख्य मुद्दा बनाकर आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व पर तीखे हमले बोले थे। पार्टी ने दिल्ली के मतदाताओं को यह समझाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी कि केजरीवाल सरकार का भ्रष्टाचार विरोधी अभियान सिर्फ एक राजनीतिक प्रपंच है। बहरहाल, इन आरोपों के बीच स्वच्छ शासन का वादा करते हुए भाजपा ने 26 वर्ष के लंबे अंतराल पर दिल्ली की सत्ता में वापसी की थी, जबकि आप दूसरे स्थान पर रही थी। दिल्ली विधानसभा में मिली शिकस्त के बाद ही आप के शीर्ष नेतृत्व ने अपना पूरा ध्यान पंजाब पर लगाया था। आज पंजाब ही ऐसा राज्य है जहां आम आदमी पार्टी की सरकार बची है। भले ही ट्रायल कोर्ट के फैसले को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी है,लेकिन एक बात तो तय है कि निचली अदालत के आदेश के बाद आप को दिल्ली में खोये जनाधार को फिर से हासिल करने का मौका मिल सकेगा। वह अपनी पार्टी के मुख्य भ्रष्टाचार विरोधी अभियान को फिर से चलाने के लिये नैतिक बल तो हासिल कर पायी है। दरअसल, इस फैसले से जांच में अत्यधिक दखलंदाजी को लेकर कई असहज करने वाले सवाल भी उठे हैं। खासकर अदालत की वह टिप्पणी, जिसमें कहा गया कि जांच एक पूर्वनिर्धारित दिशा में चलती प्रतीत होती है। यानी जांच में उचित प्रक्रिया का उल्लंघन किया गया है। दूसरी ओर प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने कहा है कि आबकारी नीति मामले में जुड़ी उसकी मनी लॉन्ड्रिंग की स्वतंत्र जांच मजबूत आधार रखती है। कानून के पंडित कयास लगा रहे हैं कि यदि सीबीआई मामले में निचली अदालत के फैसले को उच्च न्यायालय द्वारा भी बरकरार रखा जाता है तो ईडी द्वारा अभियोजन की कानूनी वैधता पर नये सिरे से सवाल उठ सकते हैं। बहरहाल, निचली अदालत के फैसले ने केजरीवाल, सिसोदिया तथा आम आदमी पार्टी में नई ऊर्जा का संचार तो कर ही दिया है। निश्चित रूप से दिल्ली में सरकार बनाने वाली भाजपा के लिये यह स्थिति असहज करने वाली है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 2 मार्च, सोमवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2082, फाल्गुन शुक्लपक्ष चतुर्दशी, 17:59 तक, नक्षत्र : आश्लेषा, 07:49 तक, योग : अतिगंदा, 12:19 तक, सूर्योदय: 06:05, सूर्यास्त: 17:36, चन्द्रोदय : 16:41, चन्द्रास्त: 05:05, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : कुम्भ, चन्द्र राशि : कर्क, राहू काल : 07:27 से 08:54

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए मंगलमय रहने वाला है। किसी शुभ और मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा, लेकिन आपको किसी दूर रह रहे परिजन की याद सता सकती हैं।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए रक्त संबंधी रिश्तों में मजबूती लेकर आएगा। आपको किसी सामाजिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। आपको काम की अधिकता अधिक रहेगी।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में बेहतर रहने वाला है। आप अपनी मेहनत से एक अच्छा मुकाम हासिल करेंगे और आपके परिवार के सदस्यों से रिश्ते भी बेहतर रहेंगे।

**कर्क :** आज खर्चों की अधिकता अधिक रहेगी, जिसके लिए आपको अपनी इन्कम को ध्यान में रखकर चलना बेहतर रहेगा। अपनी संतान को किसी मनचाहे कोर्स में दाखिला दिला सकते हैं।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए कुछ खास रहने वाला है। आपकी कुछ नए लोगों से जान पहचान बढ़ेगी, जो आपके बिजनेस में आपको फायदा करा सकते हैं।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपको घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आपको किसी वाहन की खरीदारी करना बेहतर रहेगा।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। आज आपकी निर्णय लेने की क्षमता भी बेहतर रहेगी।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए किसी जमीन जायदाद से जुड़े मामले में अच्छा रहने वाला है। आपको अपनी मेहनत का पूरा फल मिलेगा। आप किसी अच्छे वकील से सलाह लेंगे।

**धनु :** आज का दिन मान सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप यदि किसी नए वाहन की खरीदारी के लिए कोई लोन अप्लाई कर रहे थे, तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगा।

**मकर :** आज का दिन विद्यार्थियों के लिए बढ़िया रहने वाला है। आपको अपने पुराने लेन-देन से छुटकारा मिलेगा। संतान के किसी परीक्षा के परिणाम आने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

**कुम्भ :** आज का दिन आपके लिए मौज मस्ती भरा रहने वाला है। आप अपने से ज्यादा बाकी कामों पर ध्यान लगाएंगे, जिसे बाद में आपकी कुछ टेंशन भी बढ़ेगी।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए सावधानी और सतर्कता बरतने के लिए रहेगा। नौकरीपेशा जातकों को किसी अजनबी पर भरोसा करना नुकसान दे सकता है।

# यह युद्ध नहीं, मानवता का सार्वजनिक दाह-संस्कार है



प्रो. आरके जैन

- विश्व राजनीति की शतरंज और इंसानियत की बलि
- धर्मग्रंथ खुले हैं, लेकिन नीति और राजनीति में करुणा कहीं खो गई

मध्य पूर्व की धरती आज बारूद नहीं, मानो जलती हुई मानवता की गंध से भर उठी है। अमेरिका, ईरान और इज़राइल के बीच यह अब केवल सीमाओं का टकराव नहीं-खामेनेई के नाम के साथ सिमटती ईरानी सत्ता ने दुनिया की हर धड़कन पर अनिश्चितता का ट्रिगर दबा दिया है। बस एक चिंगारी, और सभ्यता विश्व युद्ध की अंधी खाई में धकेली जा सकती है। शहर धधकती चिताओं में बदल रहे हैं, आसमान में मिसाइलें हैं, और ज़मीन पर मासूमों का लहू। इसके बावजूद वैश्विक मंचों पर शब्दों का धुआँ उठता है, संकल्पों की राख उड़ती है, पर साहस की ज्वाला कहीं नहीं दिखती। हमारी चुप्पी इस हिंसा की सबसे भरोसेमंद संरक्षक बन चुकी है। हम सुरक्षित कमरों में बैठकर दृश्य देखते हैं, यह भूलकर कि लपटें कभी दीवारों और नक्शों से नहीं डरतीं। सवाल गूंजता है-आख़िर हम चाहते क्या हैं? शांति, या ऐसा भविष्य जहाँ बच्चों की पहली आवाज़ रोने की नहीं, धमाकों की हो?

मानवीय संकट का यह चेहरा किसी भी जीवित अंत:करण को तोड़ देने के लिए पर्याप्त है। अस्पतालों में दवाओं से ज्यादा चीखें हैं, शरण शिविरों में उम्मीद से ज्यादा हताशा पसरी है। माताएँ अपने बच्चों को सीने से चिपकाए आग बरसाते आसमान को ताकती हैं, जैसे ईश्वर से उत्तर मांग रही हों-क्यों? इज़राइल की गलियों में सायरनों की तीखी पुकार है, ईरान के मुहल्लों में धुएँ का घना अंधकार, और अमेरिकी सैनिकों की आँखों में डगमगाता विश्वास। यह केवल भूगोल की जंग नहीं, यह आने वाले कल का योजनाबद्ध संहार है। शरणार्थियों की पंक्तियाँ सीमाएँ पार कर रही हैं, अर्थव्यवस्थाएँ काँप रही हैं, और पर्यावरण जहरीले धुएँ में घुट रहा है। फिर भी विश्व समुदाय की प्रतिक्रिया नपी-तुली, कूटनीति में कैद और संवेदना से रिक्त दिखाई देती है। क्या हमारी संवेदनाएँ इतनी सस्ती हो चुकी हैं कि आँकड़ों में बदलती लाशें हमें सामान्य लगने लगी हैं?

हम सब अपने-अपने धर्मों को श्रद्धा से मानते हैं, अपने-अपने पवित्र ग्रंथों को आदर से पढ़ते और सुनते हैं। कोई कुरान की आयतों में रहमत खोजता है, कोई बाइबिल में प्रेम का आलोक, कोई तोराह में न्याय की पुकार, कोई गीता में कर्तव्य का मार्ग। हर ग्रंथ करुणा, संयम और मानवता की बात करता है। फिर यह कैसा रास्ता है जिस पर चलकर हम खून की धाराओं को बहने दे रहे हैं? यदि ईश्वर एक है, तो उसके नाम पर उसके बंदे इतने टुकड़ों में क्यों बंटे हैं? यदि प्रार्थनाएँ शांति के लिए उठती हैं, तो फैसले युद्ध के पक्ष में क्यों गिरते हैं? हम धर्म को अपनी पहचान की ढाल बना लेते हैं, पर उसके मूल संदेश को पीछे छोड़ देते हैं। आखिर हम चाहते क्या हैं-ईश्वर की सच्ची उपासना या सत्ता की प्यास में इंसानियत की आहुति?

वैश्विक चुप्पी का यह अपराध समय की दीवारों पर दर्ज होकर रहेगा। संयुक्त राष्ट्र की बैठकों में शब्द गूँजते हैं, प्रस्ताव बनते हैं, पर धरती पर गोलियों की बरसात थमती नहीं। शक्तिशाली राष्ट्र अपने-अपने हितों की शतरंज बिछाए बैठे हैं; कोई तेल की चाह में, कोई प्रभुत्व की लालसा में, कोई सुरक्षा के आवरण में। मीडिया कुछ दिन कोलाहल करता है, फिर अगली सनसनी की ओर मुड़ जाता है। सोशल मीडिया पर हैशटैग उफान लेते हैं, पर बदलाव की ठोस लहर नहीं उठती। क्या 1945 के बाद जिस शांति का संकल्प लिया गया था, वह केवल इतिहास की किताबों तक सिमट गया? परमाणु आशंका की छाया फैल रही है, आतंक की जड़ें और गहरी हो रही हैं। हमारी चुप्पी इस धधकती आग को निरंतर हवा दे रही है।

दुनिया की जवाबदेही केवल सत्ताओं की चौखट तक सीमित नहीं, वह हर नागरिक के विवेक पर भी टिकी है। हम चुनावी मंचों पर विकास की दुहाई देते हैं, पर युद्ध को कभी निर्णायक प्रश्न नहीं बनाते। सस्ते ईंधन पर मुस्कुराते हैं, पर उसकी कीमत में घुली रक्तरंजित राजनीति पर चुप्पी साध लेते हैं। हथियारों के सौदे बढ़ते हैं, और हम शेयर बाज़ार की छलांग पर तालियाँ बजा देते हैं। क्या सच में हम निर्दोष हैं? हर खरीदी गई सुविधा, हर टाला गया प्रश्न, हर अनदेखा अन्याय इस त्रासदी की जंजीर की एक कड़ी है। यदि शांति हमारी सच्ची चाह है, तो हमारी आवाज़ नीतियों के दरवाज़े तक पहुँचनी ही होगी। वरना आने वाली पीढ़ियाँ कठोर स्वर में पूछेंगी-जब पृथ्वी धधक रही थी, तब आप किसके साथ खड़े थे?

भावनाओं की उस आग को महसूस कीजिए जो हर विस्फोट के साथ दिलों में भड़क उठती है। एक ईरानी माँ की चीख, एक इज़राइली बच्चे की सहमी हुई आँखें, एक अमेरिकी सैनिक का मौन- इन सबमें एक ही मानव पीड़ा है। दर्द का कोई मजहब नहीं, आँसू की कोई सीमा नहीं होती। सभ्यताएँ दरक रही हैं, पीढ़ियाँ आघात के साये में बड़ी हो रही हैं। यह टकराव केवल वर्तमान को नहीं, आने वाले दशकों को भी घायल कर रहा है। क्या हम इतने पत्थर हो चुके हैं कि परायी पीड़ा हमें हिला नहीं पाती? या हमने अपने भीतर की करुणा को सुविधाओं के बदले बेच दिया है? आखिर हम चाहते क्या हैं-ऐसी विरासत जहाँ नफरत ही अगली पीढ़ी की पहचान बने?

यह समय केवल शोकगीत गाने का नहीं, आत्ममंथन का है। यदि संकल्प हो तो संवाद किसी भी बम से अधिक प्रभावशाली हो सकता है। यदि नीयत साफ हो तो सहानुभूति किसी भी प्रतिबंध से अधिक परिवर्तनकारी सिद्ध हो सकती है। मानवीय सहायता, निष्पक्ष मध्यस्थता और निर्भीक नेतृत्व-यही वे पुल हैं जो हमें इस खतरनाक दहलीज से पीछे ला सकते हैं। धर्मों की सच्ची शिक्षाएँ अमल मांगती हैं, केवल उद्धरण नहीं। यदि अपने ग्रंथों का सम्मान सचमुच करते हैं, तो करुणा को नीतियों की धुरी बनाना होगा। अब चुप रहना विकल्प नहीं, स्पष्ट अपराध है। इतिहास गवाह है कि उदासीनता भी विनाश की सहभागी होती है।

जब इतिहास की दीवारों पर युद्ध की परछाइयाँ काँपने लगें और सभ्यता स्वयं अपनी साँसों की आवाज़ सुनने लगे, तब सबसे असहज प्रश्न सीने पर दस्तक देता है-आख़िर हम सच में चाहते क्या हैं? मध्य पूर्व की यह दहकती आग पूरे विश्व को निगलने की क्षमता रखती है, यदि हम अब भी सुविधा की चादर ओढ़े चुप बैठे रहें। शांति कोई आदर्शवादी सपना नहीं, बल्कि अस्तित्व की आवश्यकता है। हमें तय करना होगा कि हम तमाशबीन रहेंगे या परिवर्तन के प्रहरी बनेंगे। अपनी आवाज़ उठाना, मानवीय मूल्यों के पक्ष में खड़ा होना, और युद्ध की स्वार्थी राजनीति को अस्वीकार करना-यही हमारी जिम्मेदारी है। वरना आने वाला कल हमें क्षमा नहीं करेगा। चुप्पी तोड़िए, क्योंकि कई बार एक निर्भीक स्वर ही इतिहास की दिशा बदल देता है। भावनाओं की आग में जलकर जागिए, क्योंकि कल बहुत देर हो सकती है।

# फिर पिंजरे का तोता साबित हुई सीबीआई



प्रमोद भार्गव

**संदर्भः-दिल्ली की विशेष अदालत ने अरविंद केजरीवाल सरकार की आबकारी नीति पर उठाए सवाल-**

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेषालय (ईडी) की कार्यप्रणाली पर कई बार सवाल उठे हैं। इससे उसकी साख पर बट्टा लगता है। लेकिन इसे दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि देष की सबसे बड़ी जांच एजेंसियां राजनीतिक प्रभाव से मुक्त होकर कार्यप्रणाली विकसित नहीं कर पा रही हैं ? सीबीआई द्वारा दायर आरोप-पत्र पर संज्ञान लेने से इनकार करते हुए दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया समेत 23 लोगों को आबकारी नीति घोटाला मामले में आरोप मुक्त कर दिया। यही नहीं सीबीआई से नाराजगी जताते हुए कहा कि उसके द्वारा पेष आरोप-पत्र न्यायिक समीक्षा में खरा उतरने में पूरी तरह विफल रहा। इस प्रकरण के आरोपियों में तेलंगाना के तत्कालीन मुख्यमंत्री केसीआर की बेटी के. कविता भी षामिल हैं। विषेश न्यायाधीष जितेंद्र सिंह ने यहां तक कहा कि 'इस अदालत को यह स्वीकारने में कोई संकोच नहीं है कि प्रस्तुत दस्तावेजों से मिली जानकारी से किसी भी आरोपी के विरुद्ध पहली दृश्टि में कोई मामला बनता ही नहीं है। यह जांच पहले से तय किए रास्ते पर आगे बढ़ी, जिसमें नीति बनाने या लागू करने से जुड़े हर व्यक्ति को फंसाया गया। ताकि एक कमजोर कहानी को भरोसे का भ्रम दिया जा सके। इस नीति को गोवा चुनावों से जोड़ना भी कानूनी रूप से विधि सम्मत नहीं है।' एक लोकसेवक को बिना पर्याप्त साक्ष्यों के आरोपी बनाने के इस दुर्लभ मामले में अदालत ने सीबीआई के जांच अधिकारी के खिलाफ विभागीय जांच और कार्यवाही की सिफारिष की है। फिलहाल सीबीआई ने अपनी कमजोरी पर पर्दा डालने के नजरिए से इस मामले की उच्च न्यायालय दिल्ली में अपील जरूर कर दी है, लेकिन फैसले में कोई बड़ा बदलाव मुमकिन नहीं लगता ? वैसे भी ईडी के मामलों में सजा की दर एक हजार में मात्र दो को ही हो पाती है।

राजनीतिक आकाओं के अनुसार काम करने लिए बदनाम देष की सबसे बड़ी जांच एजेंसी पर इसी नीति से जुड़े मामले में तब भी सवाल उठे थे, जब जेल में बंद अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका स्वीकार की थी। सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति उज्जवन भुइयां को कहना पड़ा था कि 'सीबीआई को पिंजरे में बंद तोते की छवि तोड़नी चाहिए। उसे दिखाना चाहिए कि वह पिंजरे में बंद नहीं, बल्कि स्वतंत्र एवं ईमानदार जांच एजेंसी है। उसे रत्तीभर भी षक के दायरे में नहीं होना चाहिए।' न्यायालय ने आगे कहा था कि 'जमानत नियम और जेल अपवाद है। कानून का प्रयोग किसी के उत्पीड़न के लिए नहीं हो सकता है। सीबीआई ने केजरीवाल को इसलिए गिरफ्तार किया, ताकि प्रवर्तन निषालय (ईडी) के मामले में केजरीवाल को मिली जमानत खारिज हो जाए।' पीठ के दूसरे न्यायाधीश सूर्यकांत ने भी अपने आदेश में कहा था कि केजरीवाल जमानत की षर्तें पूरी करते हैं। अतएव सीबीआई की यह दलील उचित नहीं है कि जमानत के लिए विचारण न्यायालय (ट्रायल कोर्ट) जाना चाहिए। उन्हें ईडी के प्रकरण में भी जमानत मिली है। इसलिए उन्हें हिरासत में रखना अस्वीकार्य है।' साफ है, जमानत के समय भी इस मामले की संदिग्धता सामने आ गई थी।



सीबीआई पर पिंजरे में बंद तोते और सरकार की कठपुतली होने के आरोप पहले भी लगते रहे हैं। 9 मई 2013 को कोयला घोटाले की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति आरएस लोढ़ा की पीठ ने कहा था कि 'सीबीआई पिंजरे में बंद तोते की तरह है, यह वही बात दोहराती रहती है, जो उसके मालिक कहते हैं। यह एक ऐसी अनैतिक कहानी है, जिसमें एक तोते के कई मालिक हैं। कोयला घोटाले की रिपोर्ट में अधिकारियों के कहने पर भी बदलाव हुआ है।' देश के राजनेता और दल सीबीआई पर नाजायज दबाव डालकर अपने तात्कालिक राजनीतिक हितों की पूर्ति करते हैं, यह अब कोई दबी-छिपी बात नहीं रह गई है। सत्ता पक्ष और विपक्ष के जितने भी राश्ट्रीय अथवा क्षेत्रीय दल हैं, लगभग सभी परोक्ष-अपरोक्ष रुप से सत्ता में हिस्सेदारी कर चुके हैं और सत्ता से बाहर होने के बाद सत्ता पक्ष पर सीबीआई का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते रहे हैं। मसलन अपरोक्ष रूप से वे अपने ही अनुभव प्रकट करते हैं। संसद में एफडीआई पर महाबहस के दौरान सपा और बसपा के मतदान में हिस्सा नहीं लेने पर भाजपा नेत्री सुशमा स्वराज ने संसद में बयान देते हुए कहा था कि यह स्थिति एफडीआई बनाम सीबीआई की लड़ाई बना देने के कारण उत्पन्न हुई है।

इसके बाद सीबीआई के पूर्व निदेषक उमाषंकर मिश्रा ने एक बयान देकर आग में घी डालने का काम कर दिया था। उनके मुताबिक 2003 से 2005 के बीच जब वे सीबीआई प्रमुख थे, तब उत्तर प्रदेष की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती से जुड़ा ताज कॉरीडोर मामले की जांच का प्रकरण उनके पास था। इस सिलसिले में मायावती के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति मामले की जांच चल रही थी। जांच में हमने पाया था कि मायावती के माता-पिता के बैंक खातों में इतनी ज्यादा रकम जमा थी कि उनकी आय के स्त्रोत की पड़ताल जरुरी थी, लेकिन केंद्र के दबाव के सामने वे निश्पक्ष जांच नहीं कर पाए। मसलन जांच लटका दी गई। यहां गौरतलब है कि मार्च 1998 से 2004 तक केंद्र में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार थी और 22 मई 2004 को प्रधानमंत्री मनमोहन की सरकार वजूद में आ गई थी। मसलन संप्रग और राजग दोनों ने ही अपने हितों के लिए सीबीआई का दुरुपयोग किया।

मिश्रा ने आगे यह भी कहा था कि 'यह सच है और इसे मैं नहीं छिपाउंगा। जब हम बड़े राजनेताओं के खिलाफ जांच करते हैं, तो प्रगति प्रतिवेदन लटकाने या जांच पूरी हो चुकने के बावजूद संपूर्ण जांच प्रतिवेदन न देने अथवा उसे किसी खास तरीके से प्रस्तुत कराने का पर्याप्त दबाव बनाया जाता है। इसीलिए इसकी साख बरकरार रखने के लिए उस समय अन्ना हजारे, अरविंद केजरीवाल, किरण बेदी और सेवा निवृत्त सीबीआई निदेषक जोगिंदर सिंह लगातार मांग करते रहे थे कि इस संगठन को पूरी तरह स्वतंत्र एवं स्वायत्त बनाया जाए। जिस तरह से सर्वोच्च न्यायालय, निर्वाचन आयोग और नियंत्रक एवं महालेखा निरीक्षक जैसे संगठन हैं। लेकिन सरकार केंद्र में किसी भी दल की रही हो, वह सीबीआई को स्वायत्त बना देने की पहल नहीं की। जबकि इस दौरान अटलबिहारी वाजपेयी एवं मनमोहन सिंह की सरकारें रहीं और अब पिछले 12 साल से नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार केंद्र में है। दरअसल जिस दल की सरकार केंद्र में होती है, उसे षायद यह भ्रम हो जाता है कि अब आजीवन उन्हीं की सरकार का अस्तित्व बना रहेगा। इन सब बयानों से साफ होता है कि सीबीआई को सुपुर्द कर देने के बाद गंभीर से गंभीर मामला भी गंभीर नहीं रह जाता। बल्कि अपरोक्ष रूप से सीबीआई एक तो घोटाले पर आवरण डालने का काम करती है, दूसरे आरोपियों का सुरक्षा-कवच बन जाती है।

हालांकि उमाषंकर मिश्रा का बयान यहां यह भी सवाल खड़ा करता है कि आखिर सीबीआई जैसी प्रतिश्ठित संस्थाओं के नौकरषाह सत्ता के दबाव में आते क्यों हैं ? जब उन पर नाजायज दबाव बनाया जाता है, तभी इस दबाव का खुलासा क्यों नहीं करते ? सेवानिवृत्त होने के बाद ही क्यों करते हैं ? मिश्रा के पहले कैग के निदेषक आरपी सिंह का भी बयान आया था कि 2 जी स्पेक्ट्रम में घाटे से जुड़े आंकड़ों की रिपोर्ट पर उनके जबरन हस्ताक्षर कराए गए थे। जबकि जेपीसी के समक्ष बयान देने सिंह कई बार पेश हुए थे, तब उन्होंने इस कृत्य का खुलासा नहीं किया था। यहां, आला अधिकारियों को भी नहीं भूलना चाहिए कि वे भी सत्य निष्ठा और बिना किसी दबाव के काम करने की शपथ लेकर अपने काम में संलग्न होते हैं। इसलिए यदि वे किसी दबाव में काम करते हैं तो यह कर्मचारी आचरण संहिता का उल्लंघन है। बल्कि कैग तो एक संवैधानिक संस्था है और जेपीसी संसदीय समिति, इस नाते सिंह ने दबाव में काम करके और फिर उसकी सार्वजनिक आलोचना करके, संविधान और संसद दोनों की ही एक तरह से अवमानना की थी। ऐसे में यह मामला दण्डनीय अपराध की श्रेणी में आता है। लेकिन हमारे यहां यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि अपराध को सार्वजनिक रूप से स्वीकार लिए जाने के बावजूद नौकरशाहों पर दण्ड का शिकंजा नहीं कसता ? इसलिए देखने में आता है कि जो अधिकारी पिंजरे में तोते की भूमिका में मालिक की भाषा बोलते हैं, सेवानिवृत्ति के बाद किसी महत्वपूर्ण आयोग या मंडल के पद पर मनोनीत कर दिए जाते हैं। ऐसे लोगों के मनोनयन से यह तथ्य प्रमाणित होता है कि वे सत्ता पक्ष के अनुयायी बने रहे। जाहिर है, देश के लोक सेवकों को भी प्रसिद्धि और लालच की भावना से ऊपर उठकर कर्तव्य का पालन करने की जरूरत है। यदि ऐसा होता है, तो सालों जांच से जुड़े मामले लंबित नहीं रहेंगे। सीबीआई के पास ज्यादातर ऐसे मामले होते हैं, जो राजनीतिक एवं प्रषासनिक भ्रश्टाचार से जुड़े होते हैं। ऐसे में लटकाने के दबाव की प्रवृत्ति के चलते इनकी संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है।

## वर्ग पहेली नं. 3367

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ | 6 |
| ■ | ■ | 7 | | 8 | | ■ | 9 | 10 | |
| 11 | | | ■ | 12 | | 13 | ■ | 14 | |
| | ■ | ■ | 15 | | ■ | 16 | | ■ | |
| 17 | 18 | | | ■ | 19 | | ■ | 20 | |
| 21 | | ■ | 22 | | ■ | 23 | 24 | | |
| ■ | 25 | 26 | | ■ | 27 | ■ | | ■ | ■ |
| 28 | ■ | | ■ | 29 | | | | ■ | 30 |
| 31 | | | | | | ■ | 32 | | |

*बायें से दायें:-* 1) अस्पष्ट *(उच्चार, प्रकाश)*, 4) आशा तो है, 7) कुत्ता, 9) वायु, 11) जो बनावटी न हो, 12) फ़िदा होना, 14) शाश्वत; अमर, 15) खिंचा; धड़, 16) बीमारी, 17) छोटी बुंदियों का लड्डू, 19) ज़ख़्म, 20) मृत्यु, 21) गोंद, 22) एक राशि, 23) सूर्य-किरण, 25) चंद्रमा, 29) न ऊँचा न नीचा, 31) चटपट, 32) चेतावनी.

*ऊपर से नीचे:-* 2) उदाहरण, 3) पुंल्लिंगीय सजीव, 4) कवि, 5) ज़ोर, 6) अस्तव्यस्त, 8) भेड़ का बच्चा, 10) दिलचस्पी, 11) अमूल्य, 13) प्रसिद्ध, 15) तूणीर; भाथा, 18) तृतीय, 20) संख्या, 24) विस्तार, 26) घर; ध्वज, 27) शांति, 28) आशीर्वाद, 29) संवत्सर; जूट, 30) रोक दिया गया.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्र | ■ | बे | हा | ल | ■ | त | था | ग | त |
| वा | ■ | ह | ■ | त | ब | ला | ■ | ग | प |
| ह | र | द | म | ■ | द | श | ह | रा | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ग | ठ | न | ■ | सी | ■ | ह |
| अ | ज | मे | र | ■ | सी | ■ | ना | पा | क़ |
| ■ | मा | धा | ■ | कं | ब | ल | ■ | त | ■ |
| सो | ना | ■ | धा | क | ■ | ट | प | क | ना |
| पा | ■ | क | बा | ड़ | ■ | क | ■ | ■ | या |
| न | गा | ड़ा | ■ | ■ | ख़ा | ना | ख़ा | रा | ब |

## सुडोकू-पहेली-3325

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 4 | 2 | | | |
| 3 | | | | 9 | | | | |
| | | 4 | 3 | | | | | |
| | 9 | 3 | | | | | 1 | 8 |
| | | 1 | 7 | | | | 5 | |
| | 2 | | | 6 | | 7 | | |
| | | 7 | 5 | | | | 4 | |
| 5 | | | | | 4 | 2 | | 9 |
| | | | | | | | | 6 |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

### सूडोकू पहेली - 3324 का उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 3 | 8 | 5 | 2 | 1 | 4 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 5 | 6 | 4 | 7 | 9 | 3 | 8 |
| 7 | 6 | 4 | 8 | 3 | 9 | 5 | 2 | 1 |
| 2 | 5 | 3 | 4 | 1 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 4 | 1 | 7 | 9 | 8 | 2 | 6 | 5 | 3 |
| 8 | 9 | 6 | 7 | 5 | 3 | 1 | 4 | 2 |
| 3 | 4 | 9 | 2 | 7 | 5 | 8 | 1 | 6 |
| 6 | 8 | 1 | 3 | 9 | 4 | 2 | 7 | 5 |
| 5 | 7 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 4 |

सोमवार, 2 मार्च 2026

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 22 – 34 |
| आर्द्रता | 76% |
| सूर्योदयः 05:59 | सूर्यास्तः 17:40 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, फाल्गुन शुक्लपक्ष चतुर्दशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

स्थानीय खबरें पृष्ठ चार और पांच पर

सुविचार : परिस्थितियों को सदा अपने पक्ष में होने की कामना नहीं की जा सकती।




जीएसटी संग्रह फरवरी में 8.1 प्रतिशत बढ़कर 1.83 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा पृष्ठ 8




# इजरायल और अमेरिका के हमले में सुप्रीम लीडर अली खामेनेई की मौत

## नए सर्वोच्च नेता का चुनाव 'एक या दो दिन' में हो जाएगा : ईरान के विदेश मंत्री

### ईरान हमले तेज न करे वरना हम करारा जवाब देंगेः ट्रंप

**दुबई :** अमेरिका-इजराइल के हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की 86 वर्ष की उम्र में मौत हो गई। खामेनेई ने 1989 से इस्लामी गणराज्य का नेतृत्व किया। खामेनेई ने ईरान के सर्वोच्च नेता के रूप में दशकों तक धार्मिक सत्ता स्थापित करने और देश को एक क्षेत्रीय महाशक्ति बनाने का प्रयास किया। उनका ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर इजराइल और अमेरिका के साथ टकराव रहा तथा उन पर देश में लोकतंत्र समर्थक प्रदर्शनकारियों को कुचलने के भी आरोप लगे। ईरान के सरकारी मीडिया ने रविवार तड़के इस बात की पुष्टि की कि इजराइल और अमेरिका के हमले में खामनेई मारे गए हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कुछ घंटे पहले ही कहा था कि खामेनेई को संयुक्त अभियान में मार गिराया गया है। ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता अयातुल्ला



रुहोल्लाह खोमैनी की 1989 में मृत्यु के बाद खामेनेई ने सत्ता संभाला और इस्लामी गणराज्य को पूरी तरह से नया रूप दिया। खोमैनी एक जोशीले और करिश्माई विचारक थे जिन्होंने शाह को सत्ता से बेदखल कर शिया मुस्लिम धर्मगुरुओं का शासन स्थापित किया। उन्होंने खोमैनी से कहीं अधिक समय तक शासन किया। उन्होंने शिया धर्मगुरु वर्ग का व्यापक विस्तार किया और अर्द्धसैनिक रिवोल्यूशनरी गार्ड को अपने शासन का सबसे महत्वपूर्ण आधार बनाया। धीरे धीरे रिवोल्यूशनरी गार्ड देश में प्रमुख सैन्य ताकत बन गया और बैलिस्टिक मिसाइल का शस्त्रागार का प्रमुख भी बन गया। हालांकि अपने परमाणु कार्यक्रमों को लेकर ईरान विश्व के देशों के निशाने पर आ गया, देश पर कई प्रतिबंध लगाए गए जिससे उसकी अर्थव्यवस्था डंवाडोल होती चली गई। इस बीच राजनीतिक दमन और लड़खड़ाती अर्थव्यवस्था ने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शनों को हवा दी।

### यूएई पर किए गए ईरान के हमलों में मामूली रूप से घायल हुए 58 लोगों में एक भारतीय भी

नयी दिल्ली : संयुक्त अरब अमीरात द्वारा साझा की गई जानकारी के अनुसार, उसको निशाना बनाकर किए गए ईरानी सैन्य हमलों में मामूली रूप से घायल हुए 58 लोगों में एक भारतीय नागरिक भी शामिल है। अबू धाबी स्थित भारतीय दूतावास ने कहा कि उसे भारतीय नागरिक के घायल होने की जानकारी है और वह अस्पताल अधिकारियों के संपर्क में है। मिशन ने सोशल मीडिया पर कहा, भारतीय नागरिक खतरे से बाहर है। हम हरसंभव सहायता प्रदान कर रहे हैं।

## भारतीय विमानन कंपनियों ने रविवार को 350 उड़ानें रद्द कीं



भारतीय विमानन कंपनियों ने पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के कारण उत्पन्न परिचालन बाधाओं के चलते रविवार को 350 अंतरराष्ट्रीय उड़ान रद्द कर दीं। पश्चिम एशिया में कई देशों के हवाई क्षेत्र बंद होने और सुरक्षा संबंधी चिंताओं के कारण एअर इंडिया तथा इंडिगो ने भी इन हवाई क्षेत्रों में उड़ान रद्द कर दीं। नागर विमानन मंत्रालय ने रविवार को अपराह्न चार बजकर 34 मिनट पर 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक घटनाक्रम के कारण लागू वायु क्षेत्र प्रतिबंधों को देखते हुए एक मार्च को भारतीय घरेलू विमानन कंपनियों द्वारा संचालित कुल 350 उड़ान रद्द की गई हैं। रविवार तड़के 1 बजकर 25 मिनट पर मंत्रालय ने एक अन्य पोस्ट में बताया था कि ईरान और पश्चिम एशिया के कुछ हिस्सों के ऊपर हवाई क्षेत्र प्रतिबंधों के कारण 444 अंतरराष्ट्रीय उड़ान रद्द होने की आशंका है।

## भारत पूरी एकजुटता से यूएई के साथ खड़ा है: मोदी



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार रात संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से बात की और खाड़ी देश पर हुए हमलों की कड़ी निंदा की। मोदी ने कहा कि भारत इस मुश्किल घड़ी में यूएई के साथ पूरी एकजुटता से खड़ा है। मोदी ने खाड़ी देश में रहने वाले भारतीय समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यूएई के राष्ट्रपति को धन्यवाद भी दिया और कहा कि भारत तनाव कम करने, क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा और स्थिरता का समर्थन करता है। प्रधानमंत्री ने कहा, ''मैंने संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति, मेरे भाई शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से बात की। मैंने संयुक्त अरब अमीरात पर हुए हमलों की कड़ी निंदा की और इन हमलों में जान गंवाने वालों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। भारत इस कठिन समय में यूएई के साथ एकजुटता से खड़ा है।'' मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''हमने संयुक्त अरब अमीरात में रहने वाले भारतीय समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। हम तनाव कम करने, क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा और स्थिरता का समर्थन करते हैं।''

# मतदाता सूची विवाद में शुक्रवार को कोलकाता में धरना देंगी ममता

## टीएमसी चुनाव आयोग के खिलाफ जाएगी सुप्रीम कोर्ट : अभिषेक बनर्जी

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत सूची से बड़ी संख्या में लोगों के नाम हटाए जाने के खिलाफ धरना देने जा रही हैं। तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने रविवार को कोलकाता में पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ममता बनर्जी छह मार्च को दोपहर 2 बजे से कोलकाता के मेट्रो चैनल (एस्प्लेनेड) पर धरना देंगी। अभिषेक ने संकेत दिया कि ममता



उसी दिन अपने अगले कार्यक्रम की घोषणा कर सकती हैं। वह चुनाव आयोग से मांग करेंगी कि बहिष्कृत मतदाताओं के नाम तुरंत सूची में जोड़े जाएं। तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन कर रहा है। चुनाव आयोग द्वारा जारी सूची से बड़ी संख्या में वैध मतदाताओं के नाम अनुचित रूप से हटा दिए गए हैं, जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया के विरुद्ध है। इसी आधार पर हम लोग एसआईआर को लेकर फिर से सुप्रीम कोर्ट का रुख करेंगे। अंतिम मतदाता सूची सुप्रीम कोर्ट में प्रस्तुत की जाएगी। अभिषेक ने आरोप लगाया कि देश के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार भाजपा के इशारे पर काम कर रहे हैं।

## चुनाव आयोग की 'विचाराधीन' सूची में तृणमूल के पांच विधायक, सभी अल्पसंख्यक समुदाय से

**कोलकाता :** चार महीने चली विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के बाद शनिवार को जारी अंतिम मतदाता सूची में कई चौंकाने वाले नाम 'विचाराधीन' या 'अमीमांसित' श्रेणी में सामने आए हैं। इस सूची में तृणमूल कांग्रेस के पांच विधायकों के नाम शामिल होने से राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। उल्लेखनीय है कि ये सभी विधायक अल्पसंख्यक समुदाय से हैं। 'विचाराधीन' सूची में जंगीपुर के विधायक और पूर्व मंत्री जाकिर हुसैन, सागरदिघी के विधायक बायरन विश्वास, जलंगी के विधायक अबदुर रज्जाक, दक्षिण दिनाजपुर के कुमारगंज से विधायक तोराफ हुसैन मंडल तथा आमडांगा के विधायक रफीकुर रहमान के नाम शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, जाकिर हुसैन पहले ही सुनवाई में उपस्थित होकर पासपोर्ट, सरकारी हथियार लाइसेंस और फोटोयुक्त विधायक पहचान पत्र जमा कर चुके थे। इसी तरह बायरन विश्वास भी सुनवाई में शामिल हुए थे। इसके बावजूद अंतिम सूची में दोनों के नाम 'विचाराधीन' श्रेणी में दर्ज किए गए हैं। इसके अलावा जंगीपुर के सांसद और तृणमूल कांग्रेस के संगठनात्मक जिला अध्यक्ष खलीलुर रहमान के परिवार के सात सदस्यों के नाम भी इस सूची में बताए जा रहे हैं। अपने नाम को 'विचाराधीन' सूची में देख तृणमूल विधायक तोराफ हुसैन मंडल ने नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि वे इस मामले की जानकारी जिला और राज्य नेतृत्व को देंगे। घटना के बाद राज्य की राजनीति में नया विवाद खड़ा हो गया है।

## पश्चिम बंगाल में चुनाव की तारीख पर सस्पेंस, तैयारी को लेकर आयोग की आपात बैठक

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव तय समय पर होंगे, यह स्पष्ट कर चुका है भारत निर्वाचन आयोग। हालांकि चुनाव की घोषणा कब होगी, इसे लेकर अटकलें तेज हैं। इसी बीच आयोग ने चुनावी तैयारियों की समीक्षा के लिए आपात बैठक बुलाई है। यह बैठक सोमवार और मंगलवार को चरणबद्ध तरीके से आयोजित की जाएगी। सूत्रों के अनुसार, आयोग का प्रतिनिधिमंडल रविवार को राज्य आने वाला था, लेकिन नवान्न के अनुरोध पर दौरा स्थगित कर दिया गया। इसके बाद से चुनाव तिथि को लेकर कयास और तेज हो गए हैं। सोमवार को सुबह 11 बजे से बैठक शुरू होगी। पहले चरण में आयुक्त, आईजी, डीआईजी, जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) और विभिन्न जिलों के पुलिस अधीक्षकों के साथ चर्चा होगी। दूसरे चरण में आईजी, डीआईजी और एसपी स्तर के अधिकारियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था पर अलग से बैठक की जाएगी। माना जा रहा है कि कानून-व्यवस्था और सुरक्षा तैयारियां इस बैठक का मुख्य फोकस होंगी।

## कराची में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर झड़प, 10 लोगों की मौत

**कराची :** पाकिस्तान के कराची में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के गेट तोड़कर अंदर घुसने की कोशिश कर रहे प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच रविवार को हुई झड़पों में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। अमेरिका-इजराइल के हवाई हमले में शनिवार को ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के मारे जाने के बाद पाकिस्तान के विभिन्न शहरों में हुए प्रदर्शनों के



दौरान हिंसक झड़पें और आगजनी की घटनाएं हुई। खामेनेई के मारे जाने की खबर के बाद पाकिस्तान के शिया मुसलमानों का गुस्सा भड़क उठा, जिनकी आबादी 24 करोड़ पाकिस्तानी लोगों में से 20 प्रतिशत है। इस्लामाबाद स्थित अमेरिकी दूतावास ने कहा कि वह कराची और लाहौर में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास में जारी प्रदर्शनों की खबरों पर नजर रख रहा है। वहीं, पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने नागरिकों से कानून अपने हाथ में न लेने और ''शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध दर्ज कराने'' का अनुरोध किया है।

## भारत ने फंसे हुए विदेशी यात्रियों को वीजा राहत का आश्वासन दिया

**नयी दिल्ली :** पश्चिम एशिया में बिगड़ती सुरक्षा स्थिति के कारण उड़ानों के रद्द होने के मद्देनजर भारत ने रविवार को देश में मौजूद विदेशी नागरिकों से वीजा विस्तार के लिए संबंधित अधिकारियों से संपर्क करने को कहा। विदेश मंत्रालय ने यात्रा में व्यवधान से प्रभावित विदेशी नागरिकों के लिए एक परामर्श जारी किया है। इसने विदेशी नागरिकों से कहा है कि अगर उन्हें वीजा विस्तार में सहायता की आवश्यकता हो या अपने प्रवास को नियमित करने की आवश्यकता हो तो वे अपने निकटतम विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) से संपर्क करें।




### तेल आपूर्ति पर कोई बड़ा खतरा नहीं : भारत

**नयी दिल्ली :** ईरान में गहराते संकट के कारण भारत को कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और व्यापक आर्थिक प्रभाव का सामना करना पड़ सकता है। विश्लेषकों ने यह राय जताई। हालांकि, देश की तेल आपूर्ति श्रृंखला को अभी तक किसी संरचनात्मक असुरक्षा का सामना नहीं करना पड़ा है। होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास बढ़ते तनाव ने ब्रेंट क्रूड की कीमतों को 73 डॉलर प्रति बैरल के सात महीने के उच्चस्तर तक पहुंचा दिया है। इससे वैश्विक ऊर्जा बाजारों में भू-राजनीतिक जोखिम बढ़ गया है, जिससे मुद्रास्फीति और चालू खाते के घाटे (सीएडी) पर दबाव बढ़ सकता है।

### ईरान का नया नेतृत्व बातचीत के लिए तैयार है: अमेरिकी अधिकारी

**दुबई :** ईरान में 'संभावित नये नेतृत्व' ने संकेत दिया है कि वह अमेरिका के साथ बातचीत के लिए तैयार है। अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अमेरिका और इजराइली बलों के संयुक्त हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता एवं उसके अन्य शीर्ष अधिकारियों की मौत के बाद यह घटनाक्रम सामने आया है। अधिकारी ने अपनी पहचान गोपनीय रखे जाने की शर्त पर बताया कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आखिरकार बातचीत के लिए तैयार हैं, लेकिन फिलहाल सैन्य अभियान बिना रुके जारी है।

### ईरानी नौसेना के नौ जहाजों को नष्ट किया गया: ट्रंप

**दुबई :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरानी नौसेना के नौ जहाजों को नष्ट कर दिया गया है। ट्रंप ने रविवार को सोशल मीडिया पर कहा कि जहाज ''नष्ट'' हो गए हैं और डूब गए हैं और इनमें से कुछ अपेक्षाकृत बड़े तथा महत्वपूर्ण थे।

### दुबई सहित प्रमुख हवाई अड्डों पर सैकड़ों भारतीय फंसे

**नयी दिल्ली :** ईरान पर अमेरिका और इजराइल के हमलों के बाद पश्चिम एशिया में बढ़े सैन्य तनाव के चलते दुबई सहित संयुक्त अरब अमीरात के प्रमुख हवाई अड्डों पर सैकड़ों भारतीय फंस गए हैं। उड़ानें बाधित होने से पर्यटक, छात्र और जनप्रतिनिधि वापसी नहीं कर पा रहे हैं और कई लोग सोशल मीडिया के जरिए भारत सरकार से मदद की अपील कर रहे हैं। दुबई में फंसे लोगों में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी.वी. सिंधु , अभिनेत्री सोनल चौहान, कर्नाटक से जद (एस) के विधान परिषद सदस्य एस.एल. भोजेगौड़ा तथा बंगाली अभिनेत्री सुभाश्री गांगुली शामिल हैं।

### ईरान ने इजराइल और खाड़ी देशों पर मिसाइलें दागीं

**दुबई :** ईरान ने रविवार को इजराइल और खाड़ी अरब देशों को निशाना बनाकर मिसाइलें दागीं। इजराइल और अमेरिका के हमले में अपने सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मृत्यु के बाद उसने दोनों देशों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई का संकल्प जताया है। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी देते हुए कहा कि ईरान हमले तेज नहीं करे, वरना अमेरिका ''ऐसी ताकत के साथ जवाब देगा जो पहले कभी नहीं देखा गया होगा।'' ईरान के मंत्रिमंडल ने संकल्प जताया है कि इस ''अपराध का जवाब जरूर दिया जाएगा'' और अर्धसैनिक 'रिवोल्यूशनरी गार्ड' ने इजराइली एवं अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाते हुए अब तक का अपना ''सबसे तीव्र आक्रामक अभियान'' शुरू करने की धमकी दी। उन्होंने कहा, ''आपने सीमाएं लांघ दी हैं और आपको इसकी कीमत चुकानी होगी। हम आपको ऐसा करारा जवाब देंगे कि आप खुद रहम की भीख मांगने पर मजबूर हो जाएंगे।''






# एसआईआर से पहले ही एक करोड़ मतदाताओं के नाम हटाने का तय था लक्ष्य : अभिषेक

**❑ तृणमूल नेता ने फिर दोहराया, भाजपा चुनाव में 50 सीट के आंकड़े को पार नहीं कर पाएगी**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के सांसद एवं महासचिव अभिषेक बनर्जी ने राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया के बाद रविवार को निर्वाचन आयोग पर अपना हमला तेज करते हुए आरोप लगाया कि एक करोड़ से अधिक मतदाताओं के नाम हटाने का लक्ष्य प्रक्रिया शुरू होने से पहले ही तय कर लिया गया था। एसआईआर के बाद अंतिम मतदाता सूची के पहले चरण के प्रकाशन के एक दिन बाद, पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में अभिषेक बनर्जी ने दावा किया कि भाजपा के नेताओं ने सार्वजनिक रूप से कहा था कि '1.2 करोड़ नाम' मतदाता सूची से हटा दिए जाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि हटाए गए नामों और 'विचाराधीन' रखे गए मतदाताओं की कुल संख्या अब उस आंकड़े के लगभग बराबर है। उन्होंने कहा कि राज्य में एक करोड़ से अधिक मतदाताओं के नाम हटाने का लक्ष्य एसआईआर शुरू होने से पहले ही तय कर लिया गया था। भाजपा नेताओं ने बार-बार कहा था कि 1.2 करोड़ नाम हटाए जाएंगे। हटाए गए नामों और विचाराधीन नामों को मिलाकर देखें तो यह संख्या लगभग 1.2 करोड़ के करीब पहुंच जाती है। अभिषेक ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी, भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार और केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर द्वारा मतदाता सूची से बड़े पैमाने पर नाम हटाए जाने पर पहले की गईं टिप्पणियों का उल्लेख किया। उन्होंने आरोप लगाया कि एसआईआर शुरू होने से पहले ही इन नेताओं ने कहा था कि एक करोड़ से 1.25 करोड़ मतदाताओं के नाम हटा दिए जाएंगे। उन्होंने एक लक्ष्य निर्धारित किया था। निर्वाचन आयोग उसी के अनुसार कार्रवाई कर रहा है। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करने से पहले एक वीडियो क्लिप भी दिखाई जिसमें कथित तौर पर भाजपा नेताओं को लगभग 1.2 करोड़ के आंकड़े का जिक्र करते हुए सुना जा सकता है। तृणमूल महासचिव ने भाजपा पर 'बदले की राजनीति' करने का आरोप लगाया और कहा कि केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी को वोट न देने वालों के नाम चुनिंदा रूप से हटाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के माध्यम से चुनाव नहीं जीत सकती। इसलिए वह निर्वाचन आयोग का उपयोग करके वास्तविक मतदाताओं को हटाकर चुनाव परिणाम को प्रभावित करने की कोशिश कर रही है। तृणमूल नेता ने कहा कि इस तरह की कोशिशों के बावजूद भाजपा को चुनावी रूप से कोई फायदा नहीं होगा। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि चाहे आप एसआईआर कराएं या एफआईआर दर्ज कराएं, 2026 में आपकी सीट 50 से नीचे ही रहेंगी। मैंने यह बात एक साल पहले भी कही थी और आज फिर दोहरा रहा हूं। तृणमूल नेता ने एसआईआर प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल उठाया। उन्होंने सवाल किया कि आयोग ने उन आंकड़ों को क्यों नहीं प्रकाशित किया जिससे जानकारी मिले कि एसआईआर के दौरान कितने 'रोहिंग्या और बांग्लादेशी' पाए गए, जबकि भाजपा नेताओं द्वारा अवैध घुसपैठियों द्वारा राज्य की जनसांख्यिकी को बदलने के बार-बार आरोप लगाए जा रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि अगर इस पूरे अभियान का मकसद घुसपैठियों की पहचान करना था, तो निर्वाचन आयोग यह क्यों नहीं बता रहा कि कितने रोहिंग्या और बांग्लादेशी पकड़े गए हैं? उन्होंने सवाल किया कि निर्धारित समयसीमा समाप्त होने के बाद भी फॉर्म-7 आवेदनों के माध्यम से नाम हटाने की प्रक्रिया अब भी कैसे जारी है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार 'भाजपा की ओर से' काम कर रहे हैं। तृणमूल नेता ने संकेत दिया कि पार्टी इस मुद्दे पर एक बार फिर उच्चतम न्यायालय का रुख करेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी एसआईआर के बाद प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची को उच्चतम न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करेगी।



## ईरान के हमलों के बाद टॉलीवुड अभिनेत्री सुभोश्री गांगुली और उनका बेटा दुबई में फंसे

**कोलकाता, समाज्ञा**

लोकप्रिय टॉलीवुड अभिनेत्री सुभोश्री गांगुली और उनके बेटे युवान दुबई में फंसे हुए हैं। शहर में ईरान के हमलों के बाद क्षेत्र में तनाव बढ़ने के कारण वे वहीं फंसे हुए हैं। रविवार को उनके परिवार ने यह जानकारी दी। उनके पति, फिल्म निर्देशक-निर्माता और तृणमूल कांग्रेस विधायक राज चक्रवर्ती ने बताया कि अभिनेत्री और उनका बेटा फिलहाल पाम जुमेराह के एक होटल में ठहरे हुए हैं, जहां अधिकारियों ने निवासियों को घर के अंदर रहने की सलाह जारी की है। चक्रवर्ती ने बताया कि वे शनिवार को छुट्टियां मनाने के लिए वहां पहुंचे थे। तब से स्थिति जटिल हो गई है। चूंकि, युवान उनके साथ है, इसलिए चिंता और भी बढ़ गई है। वे पाम जुमेराह होटल में ठहरे हुए हैं। उनके होटल के पास एक विस्फोट हुआ। अधिकारियों ने लोगों को घर से बाहर नहीं निकलने के निर्देश जारी किए हैं। हालांकि, चक्रवर्ती ने कहा कि दुबई में उनके दोस्त और रिश्तेदार उनकी मदद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वहां हमारे दोस्त और रिश्तेदार उनकी देखभाल कर रहे हैं। हम चिंतित हैं, लेकिन घबराए हुए नहीं हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने उनकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए सरकार से कोई सहायता मांगी है, तो उन्होंने कहा कि हमने अभी तक सरकार से कोई मदद नहीं मांगी है। हमें उम्मीद है कि वे सुरक्षित घर लौट आएंगे।

## मतदाता सूची से नाम हटने पर गायघाटा में मतुआ समुदाय का प्रदर्शन

**कोलकाता, समाज्ञा**

उत्तर 24 परगना जिले के गायघाटा के चांदपाड़ा बाजार में रविवार को मतदाता सूची से नाम हटाए जाने के विरोध में मतुआ समुदाय के लोगों ने भारी विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने जशोर रोड को जामकर टायर जलाए और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शनिवार प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची में बनगांव महकमे की चार विधानसभा सीटों से बड़ी संख्या में लोगों के नाम गायब पाए गए हैं। प्रदर्शनकारियों का दावा है कि सूची से जिन लोगों के नाम काटे गए हैं, उनमें मतुआ शरणार्थी (उद्वास्तु) समुदाय के लोगों की संख्या सर्वाधिक है। इसी के विरोध में रविवार की दोपहर मतुआ समाज का एक समूह चांदपाड़ा बाजार में एकत्रित हुआ और सड़क जामकर टायर जलाकर किए गए। इस प्रदर्शन के कारण जशोर रोड पर वाहनों की आवाजाही तरह ठप हो गई, जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वे वर्षों से यहां रह रहे हैं और उनके पास वैध दस्तावेज हैं, इसके बावजूद राजनीतिक षड्यंत्र के तहत उनके नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया। साथ ही, उन्होंने विशेष व्यवस्था सुनिश्चित करने का आश्वासन भी दिया।

## मतदाता सूची में क्रिकेटर ऋचा घोष का नाम 'विचाराधीन' श्रेणी में

### तृणमूल कांग्रेस ने चुनाव आयोग पर साधा निशाना

**कोलकाता/सिलीगुड़ी :** तृणमूल कांग्रेस ने रविवार को दावा किया कि विश्व कप विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सदस्य ऋचा घोष का नाम 28 फरवरी को जारी मतदाता सूची में 'विचाराधीन' श्रेणी में रखा गया है। ऋचा घोष सिलीगुड़ी नगर निगम के वार्ड नंबर 19 की निवासी हैं। ऋचा घोष हाल ही में राज्य पुलिस में पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) के रूप में शामिल हुईं और सिलीगुड़ी पुलिस आयुक्त कार्यालय में उन्होंने सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। रविवार को तृणमूल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भाजपा और निर्वाचन आयोग की 'गुपचुप तरीके से धांधली' का नाटक हास्यास्पद ऊंचाइयों पर पहुंच गया है। पार्टी ने पोस्ट में कहा कि राज्य का गौरव, भारत की नायिका, विश्व कप विजेता टीम की खिलाड़ी और नीली जर्सी पहनकर देश को गौरव दिलाने वाली विकेटकीपर-बल्लेबाज को अब अंतिम मतदाता सूची में 'जांच के दायरे' में रखा गया है। तृणमूल ने कहा कि घोष ने विदेशों में भारत का उत्कृष्ट प्रतिनिधित्व किया और बंगाल के प्रत्येक व्यक्ति की प्रशंसा हासिल की। पार्टी ने कहा कि उन्हें (ऋचा घोष को) इस अपमानजनक जांच का सामना करने के लिए मजबूर किया जा रहा है, उनका नाम चिह्नित किया गया है, उनकी मतदाता स्थिति पर सवाल उठाए जा रहे हैं और इस मतदाता सूची से नाम हटाने की प्रक्रिया में उनका लोकतांत्रिक अधिकार खतरे में है। तृणमूल ने कहा कि जब मशहूर और राष्ट्रीय हस्तियों को भी मनमाने ढंग से निशाना बनाया जा सकता है, उनसे पूछताछ की जा सकती है और उन्हें इस अपमानजनक प्रक्रिया का शिकार बनाया जा सकता है, तो आम मतदाता के लिए क्या उम्मीद है? पार्टी ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मद्देनजर घोष जैसी प्रमुख हस्तियों और आम आदमी को एक ही श्रेणी में रखे जाने की तुलना करते हुए यह सवाल उठाया। तृणमूल ने कहा कि यह बंगाल के लोगों को मताधिकार से वंचित करने, उनकी आवाज दबाने और एक-एक कर बंगाल की आवाज को मिटाने के लिए रची गई एक सुनियोजित अपमानजनक प्रक्रिया है।

## चुनाव से पहले तृणमूल का 'तफसीली संवाद' सम्मेलन, अभिषेक की बड़ी पहल

**कोलकाता :** आगामी चुनाव के मद्देनजर जनसंपर्क अभियान को तेज करते हुए अभिषेक बनर्जी ने 'तफसीली संवाद' सम्मेलन का आह्वान किया है। तृणमूल कांग्रेस के सर्वभारतीय महासचिव अभिषेक 2 मार्च को नजरुल मंच में आयोजित इस सम्मेलन के माध्यम से नए कार्यक्रम की शुरुआत करेंगे।

पार्टी सूत्रों के अनुसार, सम्मेलन में एससी, एसटी और ओबीसी प्रकोष्ठ के नेतृत्व के साथ आगामी रणनीति तय की जाएगी। अभिषेक बनर्जी यहां से अभियान की रूपरेखा और कार्ययोजना स्पष्ट करेंगे। जिला और ब्लॉक स्तर के नेताओं को निर्देश दिया जाएगा कि वे घर-घर जाकर आदिवासी और अनुसूचित जाति-जनजाति समुदायों के साथ संवाद स्थापित करें।

कार्यक्रम के बाद नजरुल मंच से प्रचार के लिए विशेष रूप से सज्जित वाहन राज्य के विभिन्न जिलों के लिए रवाना होंगे। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य दो बिंदुओं पर केंद्रित है। पहला, पिछले एक दशक में ममता बनर्जी सरकार द्वारा तफसीली समुदायों के लिए लागू कल्याणकारी योजनाओं का विवरण आम जनता तक पहुंचाना। दूसरा, भाजपा शासित राज्यों में दलित और आदिवासी समुदायों पर हुए कथित अत्याचारों के मुद्दे को उठाकर जनमत तैयार करना।

तृणमूल नेतृत्व का दावा है कि अन्य राज्यों की तुलना में पश्चिम बंगाल में तफसीली समुदाय अधिक सुरक्षित और सशक्त हैं, जिसे आंकड़ों के जरिए जनता के सामने रखा जाएगा।

# कोलकाता का खाटूधाम बना श्री श्याम मंदिर आलमबाजार





**कोलकाता :** खाटूवाले श्याम प्रभु के पावन धाम श्री श्याम मंदिर आलमबाजार में तीन दिवसीय मेला मेरे श्याम का...फाल्गुन मेला 2026 के भव्य समारोह के प्रथम दिन एकादशी पर द्वारा श्री श्याम अखण्ड ज्योति पाठ श्यामसुन्दर शर्मा, हेमंत वर्मा एवं विशाल शर्मा की संयुक्त प्रस्तुति ने भक्तों का मन मोह लिया। एकादशी के पावन दिन पर सुबह से ही दर्शन करने वाले भक्तों की आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। फाल्गुन माह के रंग में सजा, मनमोहक फूलों एवं आकर्षक रोशनी में सजा बाबा का मनोहारी एवं अद्वितीय श्रृंगार की झलक पाने को हर कोई बेताब दिखा।

द्वितीय दिन यानी द्वादसी के दिन करीब 2000 भक्तों ने जयश्री श्याम के गगनभेदी जयकारों के साथ अपनी इच्छापूरण निशान बनहुगली से मंदिर में अर्पित किया। समस्त निशान यात्रियों के लिए मंदिर की ओर से प्रसाद की व्यवस्था की गयी थी। भक्ति-भाव से लबालब मंदिर प्रांगण में पहली बार पधारे आशुतोष तोमर ने अपने मधुर भजनों की गंगा प्रवाहित की, जिसमें भक्त सरोबार होकर झूमे उठे। कोलकाता के भजन प्रवाहकों में आयुष त्रिपाठी, लतासिंह राजपूत, राजलीवाल बंधु, अनुराग दाधीच, नेहा गर्ग, पुष्पा साव, गुलशन अग्रवाल आदि ने इस कदर समां बाँधा कि पूरा मंदिर प्रांगण भक्तिमय होकर नृत्य-नाटिका पर थिरकने लगा।

बाबा के दरबार में अपनी आस्था प्रकट करते हुए पधारे प्रो. सौगत राय, सायंतिका बनर्जी, विवेक गुप्ता, मदन मित्रा, दिनेश बजाज, लक्ष्मी डालमिया, अपर्णा मौलिक, उमेश राय का विशेष सम्मान शॉल एवं दुपट्टा ओढ़ाकर तथा प्रतीक चिन्ह के साथ प्रबंध न्यासी गोविन्द मुरारी अग्रवाल ने किया गया।

इस पावन अवसर पर भक्तों में गजानन्द बिड़दीका, सुधांशु शेखर, प्रदीप संघई, नवल रुंगटा, श्रवण धानुका, गणेश अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, विद्यावती दिनोदिया, नारायण अग्रवाल, पिंटू अग्रवाल, विकास अग्रवाल, आलोक मोर, सुभाष चौधरी, विनोद अग्रवाल, पंकज गोयल, आशीष आग्रवाल, शम्भु पोद्दार, अशोक पोद्दार, हरि सोनी, राजकुमार शर्मा, संजय अग्रवाल, किशन किल्ला, महेन्द्र गुप्ता, देवकीनन्दन पोद्दार, हरि सोनी, राजकुमार शर्मा, संजय अग्रवाल, चण्डी प्रसाद अग्रवाल, मनमोहन स्वाईका, विवेक आडुकिया, जुगलकिशोर अग्रवाल, योगेश पोद्दार, संदीप गर्ग, बिमल सदाका, विजय बिदासरिया, मुरारी तोदी, अंजन पाल, विनोद खेतान, अशोक मुसद्दी, नरेन्द्र चौधरी, दिनेश मित्तल, सत्यनारायण अग्रवाल, रतनलाल अग्रवाल, प्रकाश किल्ला, विजय साव, अशोक अग्रवाल, मुकेश-सुदेश गोयल, रमेश खेतान, प्रकाश मुसद्दी, संगीता अग्रवाल, राजेश सिन्हा, सुरेश अग्रवाल, शंकर भावसिंका, प्रीतम जैन, अनिल अग्रवाल (किशनगंज), पवन अग्रवाल, यश भावसिंहका, प्रयागराज बंसल, डा. सुरेश अग्रवाल, सज्जन तायल एवं कई अन्य भक्तों ने उपस्थित होकर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया।

मंदिर के प्रबंध न्यासी गोविन्द मुरारी अग्रवाल ने कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर के राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, गोपाल जालान, बालमुकुन्द अग्रवाल, जितेन्द्र राय, प्रवीण केजरीवाल, संजय केसरी, उमेश दास, मनोज सिंह, मनोहर केजरीवाल, बिनोद अग्रवाल, भवानीशंकर अग्रवाल, मोनू भावसिंहका, गणेश अग्रवाल आदि सक्रिय थे।

## खरकिया परिवार के होली प्रीति मिलन में भक्ति भजनों से भाव विभोर




**कोलकाता :** खरकिया परिवार का होली प्रीति मिलन रमेशचंद खरकिया की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। संस्था के सचिव सांवरलाल खरकिया ने बताया जाबदे दादी की पूजा - अर्चना एवं जय दादी की से गुंजायमान सभागार में भक्ति भजनों की अमृत वर्षा से सभी ने भाव विभोर हो होली की धमाल का आनन्द लिया। फूलों की होली में सभी थिरकने लगे। पार्षद विजय उपाध्याय, पूर्व विधायक संजय बक्शी, स्मिता बक्शी, डॉ. ए के सिंह एवम् अतिथियों का स्वागत सांवरलाल, सुशील, राजेन्द्र, विष्णु प्रसाद, राहुल खरकिया, मनोज गुप्ता ने किया। अतिथियों एवं सदस्यों ने परस्पर एक - दूसरे को होली की शुभकामना दी।

## प्रोजेक्ट्स टुडे ने एआई-संचालित व्यावसायिक अवसर प्लेटफॉर्म का शुभारंभ किया

**कोलकाता :** प्रोजेक्ट्स टुडे ने भारत के परियोजना इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए एआई-संचालित व्यावसायिक अवसर प्लेटफॉर्म का अनावरण किया। यह नया प्लेटफॉर्म परियोजना जीवनचक्र संदर्भ, निविदाएं और एल1/आदेश अपडेट, तथा हितधारकों की जानकारी को एक सुविधाजनक कार्यप्रणाली में एकीकृत करता है जिससे संगठनों को सही समय पर सही परियोजनाओं से जुड़ने में मदद मिलती है। उन्नत प्लेटफॉर्म व्यावहारिक परिणामों पर केंद्रित एआई-सक्षम विकास प्रस्तुत करता है, जिसमें बीओक्यू खोज, उप-परियोजना ट्रैकिंग, निविदा से आदेश तक की यात्रा की विजिबिलिटी, बोलीदाता और भागीदारी अंतर्दृष्टि, अवसर अनुमान उपकरण, विश्वसनीयता और विश्लेषण डैशबोर्ड तथा हितधारकों के साथ बेहतर संबंध मानचित्रण शामिल हैं।

## होली पर यात्रियों को राहत, पूर्व रेलवे ने 15 स्पेशल ट्रेनों से संभाला भीड़ का दबाव



**कोलकाता :** होली के मद्देनजर यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए पूर्व रेलवे ने व्यापक तैयारी की है। 27 फरवरी 2026 से अब तक 15 होली स्पेशल ट्रेनें चलाई जा चुकी हैं, जिससे हावड़ा, सियालदह, कोलकाता, आसनसोल और मालदा जैसे प्रमुख स्टेशनों पर दबाव कम हुआ है।

रेलवे ने अतिरिक्त 66 हजार बर्थ उपलब्ध कराई हैं, ताकि प्रतीक्षा सूची की समस्या कम हो सके। इन विशेष ट्रेनों का संचालन सियालदह मंडल से 6, हावड़ा मंडल से 5 तथा मालदा और आसनसोल मंडल से 2-2 ट्रेनों के रूप में किया जा रहा है।

यात्रियों ने व्यवस्थाओं की सराहना की है। सियालदह-प्रयागराज होली स्पेशल से यात्रा कर रहे रिहान सिंह ने कहा कि इस बार अनारक्षित यात्रा भी व्यवस्थित और सम्मानजनक रही। वहीं राजेश शॉ ने स्टेशनों पर साफ-सफाई, पेयजल और भीड़ प्रबंधन को संतोषजनक बताया। अनिल कुमार जायसवाल ने रेलवे सुरक्षा बल की 24 घंटे की निगरानी और अतिरिक्त ट्रेनों की उपलब्धता को राहतकारी बताया।

विशेष ट्रेनों को रक्सौल, मधुबनी, गोरखपुर, खातीपुरा, आनंद विहार टर्मिनल, मालतीपटपुर, न्यू जलपाईगुड़ी, उधना और पटना जैसे प्रमुख गंतव्यों से जोड़ा गया है।

पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिब्राम माझी ने कहा कि त्योहार के भावनात्मक महत्व को देखते हुए स्वच्छता, सुरक्षा और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है, ताकि यात्री शांतिपूर्ण ढंग से अपने परिवार तक पहुंच सकें।

## रेल परिसर में कचरा फेंकना बंद करें, स्वच्छता बनाए रखना सबकी जिम्मेदारी : पूर्व रेलवे




**कोलकाता :** पूर्व रेलवे ने रेल यात्रियों और आम नागरिकों से अपील की है कि वे रेलवे परिसर और पटरियों पर कचरा न फेंकें तथा स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें। रेलवे प्रशासन ने कहा कि स्वच्छ और सुरक्षित रेल वातावरण बनाए रखना समय की मांग है।

पूर्व रेलवे पश्चिम बंगाल, बिहार और झारखंड में 5,566 ट्रैक किलोमीटर के विस्तृत नेटवर्क, 587 स्टेशनों और प्रतिदिन लगभग 2,015 ट्रेनों का संचालन करता है, जिससे रोज करीब 31 लाख यात्री सफर करते हैं। इतनी बड़ी व्यवस्था में स्वच्छता बनाए रखना चुनौतीपूर्ण कार्य है। लंबी दूरी की ट्रेनों में ऑन-बोर्ड हाउसकीपिंग स्टाफ तैनात है, स्टेशनों पर मशीनी और मैनुअल सफाई की जाती है तथा बायो-टॉयलेट और सूखे-गीले कचरे के अलग डिब्बों की व्यवस्था की गई है।

इसके बावजूद सियालदह मंडल के उपनगरीय खंड में पटरियों और प्लेटफॉर्म पर बाहरी कचरा फेंके जाने की समस्या बनी हुई है। 15 से 28 फरवरी 2026 तक चलाए गए विशेष सफाई अभियान में करीब 300 टन कचरा हटाया गया और 50 हजार वर्गफुट भूमि को पुनः उपयोग योग्य बनाया गया। संतोषपुर, बिधान नगर रोड, पाटीपुकुर, मगराहाट, सोदपुर, लेक गार्डन और बाघाजतिन स्टेशनों पर विशेष ध्यान दिया गया।

रेलवे ने चेतावनी दी है कि पटरियों पर जमा कचरा आग और दुर्घटना का कारण बन सकता है तथा सफाई कर्मियों के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। प्रशासन ने कहा कि स्वच्छता सामूहिक जिम्मेदारी है और जिम्मेदार व्यवहार से ही सुरक्षित रेलवे सुनिश्चित किया जा सकता है।

## ममता बनर्जी ने माकपा के बुद्धदेव भट्टाचार्य की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। बता दें कि भट्टाचार्य भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के एक दिग्गज नेता थे। उन्होंने लगातार दो कार्यकाल (2000-2011) तक राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया और उन्हें व्यापक रूप से 'बंगाली भद्रलोक' का प्रतीक माना जाता था। ममता ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य की जयंती पर मैं उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं।

## बांगुर एवेन्यू संघ की ओर से होली धमाल एवं प्रीति सम्मेलन का भव्य आयोजन



**कोलकाता :** बांगुर एवेन्यू संघ द्वारा होली के पावन अवसर पर शकुंतला देवी तोदी भवन में 'होली धमाल' कार्यक्रम एवं प्रीति सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राधा-कृष्ण के साथ फूलों की होली खेली गई, जिसका उपस्थित सदस्यों और अतिथियों ने भरपूर आनंद उठाया। इस अवसर पर बांगुर एवेन्यू संसद के ट्रस्टी कैलाश चंद्र अग्रवाल, दीनदयाल केडिया, सुदेश अग्रवाल और सजन जाजोदिया सहित संघ के पूर्व अध्यक्ष सतीश अग्रवाल, बैजनाथ मित्तल एवं रामकिशोर लुहारीवाला ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का संयोजन गोकुल मुरारका और उनकी टीम 'संगन लाइव' द्वारा किया गया। टीम ने राजस्थानी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए घूमर, मयूर नृत्य और मटकी नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में संघ के अध्यक्ष विजय शर्मा, उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल, सचिव सुमित बजाज और कोषाध्यक्ष मनीष आलमाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कल्चरल कमेटी के भीम अग्रवाल और रुपेश धोना सहित कई वरिष्ठ सदस्य भी आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय रूप से जुड़े रहे।

# होली पर पूर्व रेलवे चलाएगा तीन एकतरफा अनारक्षित स्पेशल ट्रेन

**कोलकाता :** होली और डोल यात्रा के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए पूर्व रेलवे ने तीन एकतरफा अनारक्षित होली स्पेशल ट्रेनों के संचालन की घोषणा की है। ये ट्रेनें सियालदह से दिल्ली, कोलकाता से जयपुर और आसनसोल से जयपुर के लिए चलाई जाएंगी। रेलवे के अनुसार, यह सुविधा विशेष रूप से अंतिम समय में यात्रा की योजना बनाने वाले यात्रियों के लिए लाभदायक होगी।

03113 सियालदह-दिल्ली होली स्पेशल 2 मार्च 2026 को 15:30 बजे सियालदह से प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 07:00 बजे दिल्ली पहुंचेगी। मार्ग में यह ट्रेन नैहाटी, बंडेल, बर्द्धमान, बोलपुर शांतिनिकेतन, सैंथिया, रामपुरहाट, बरहरवा, साहिबगंज, कहलगांव, भागलपुर, सुल्तानगंज और मुंगेर स्टेशनों पर रुकेगी।

03115 कोलकाता-जयपुर होली स्पेशल 2 मार्च 2026 को 23:55 बजे कोलकाता से रवाना होकर तीसरे दिन 11:50 बजे जयपुर पहुंचेगी। यह ट्रेन नैहाटी, बंडेल, बर्द्धमान, दुर्गापुर और आसनसोल स्टेशनों पर ठहरेगी।

03535 आसनसोल-जयपुर होली स्पेशल 3 मार्च 2026 को 12:30 बजे आसनसोल से चलकर अगले दिन 00:30 बजे जयपुर पहुंचेगी। मार्ग में चित्तरंजन, जामताड़ा, मधुपुर और जसीडीह स्टेशनों पर ठहराव होगा।

रेल प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा से पूर्व समय और ठहराव की जानकारी की पुष्टि कर लें तथा सुरक्षित और सुव्यवस्थित यात्रा सुनिश्चित करें।

## होली पर पूर्व रेलवे चलाएगा दो एकतरफा अनारक्षित स्पेशल ट्रेन

**कोलकाता :** होली और डोल यात्रा के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए पूर्व रेलवे ने दो एकतरफा अनारक्षित होली स्पेशल ट्रेनों के संचालन की घोषणा की है। यह पहल खासकर उन यात्रियों के लिए लाभकारी होगी, जो अंतिम समय में यात्रा की योजना बनाते हैं या त्योहार पर अपने परिजनों से मिलने जा रहे हैं।

03117 कोलकाता-दिल्ली एकतरफा अनारक्षित होली स्पेशल ट्रेन 3 मार्च 2026 को कोलकाता से 15:30 बजे प्रस्थान करेगी। पूर्व रेलवे के अधिकार क्षेत्र में यह ट्रेन नैहाटी, बंडेल, बर्द्धमान, दुर्गापुर, आसनसोल, चित्तरंजन, मधुपुर और जसीडीह स्टेशनों पर रुकेगी।

इसी प्रकार 03533 आसनसोल-विशाखापट्टनम एकतरफा अनारक्षित होली स्पेशल ट्रेन 3 मार्च 2026 को सुबह 9:10 बजे आसनसोल से रवाना होगी।

रेल प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा के दौरान रेलवे के दिशा-निर्देशों का पालन करें और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करें। पूर्व रेलवे ने आशा जताई है कि इन विशेष ट्रेनों के संचालन से त्योहार के दौरान यात्रियों को सुगम और सुविधाजनक यात्रा का लाभ मिलेगा।

## श्री काशी विश्वनाथ सेवा समिति द्वारा केसरिया ठंडाई वितरण कार्यक्रम संपन्न



**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री काशी विश्वनाथ सेवा समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सत्यनारायण भगवान की सवारी के अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए मीठी केसरिया ठंडाई का वितरण किया गया। समिति के अध्यक्ष विवेक गुप्ता के निर्देशनुसार, सचिव बिमल दीवान द्वारा प्रेरित, सह-सचिव पवन बंसल एवं सुभाष सावा-लदावाला की देखरेख में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के सक्रिय सदस्यों महेश काबरा, संजय अग्रवाल (नीम का थाना), प्रमोद सुरेका, मोहित सुरेका, विनय सोनथालिया, विनोद अग्रवाल, ताड़क नाथ गुप्ता, महेश बन्का आदि की सराहनीय भूमिका रही। श्रद्धालुओं ने प्रसाद स्वरूप ठंडाई ग्रहण कर समिति के सेवा भाव की प्रशंसा की। कार्यक्रम में पार्षद विजय ओझा सहित कई गणमान्य लोगों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उपरोक्त जानकारी सह-सचिव पवन बंसल द्वारा प्रदान की गई।

# तृणमूल घुसपैठियों का नाम मतदाता सूची में बनाए रखने के लिए एसआईआर का कर रही विरोध : धर्मेंद्र प्रधान

❑ केंद्रीय मंत्री ने गड़बेता में 'परिवर्तन यात्रा' को दिखायी हरी झंडी



**पश्चिम मेदिनीपुर :** केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को आरोप लगाया कि राज्य की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया के तहत नामों के हटाए जाने का विरोध कर रही है, क्योंकि उसे डर है कि आगामी विधानसभा चुनावों में 'घुसपैठियों' का उसका वोट बैंक काम नहीं आएगा। भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रधान ने पश्चिम मेदिनीपुर जिले में पार्टी की 'परिवर्तन यात्रा' को रवाना करने से पहले आयोजित रैली को संबोधित करते हुए दावा किया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 'घुसपैठियों' को वोट डालने का हकदार बनाने के लिए उच्चतम न्यायालय का रुख किया और मतदाता सूची के एसआईआर को रोकने की कोशिश की, जो सफल नहीं हुई। उन्होंने जनसभा में उपस्थित लोगों से पूछा कि क्या आप चाहते हैं कि बांग्लादेशी या रोहिंग्या घुसपैठियों के नाम मतदाता सूची में शामिल किए जाएं? क्या आप चाहते हैं कि उन्हें वे सुविधाएं मिलें जो आप जैसे वास्तविक निवासियों के लिए हैं? आप बंगालियों का बंगाल चाहते हैं या रोहिंग्या और बांग्लादेशियों का? प्रधान ने कहा कि फर्जी दस्तावेजों के साथ बंगाल में घुसकर रहने वाले घुसपैठियों को बाहर निकाल दिया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने दावा किया कि एसआईआर के बाद, मतदाता सूची में केवल वास्तविक नागरिकों के नाम ही शामिल हैं और 'फर्जी तथा घुसपैठियों' के नामों को हटा दिया गया है, जिससे राज्य में सत्तारूढ़ पार्टी के भीतर अफरा-तफरी का माहौल है। उन्होंने कहा कि यदि वास्तविक मतदाताओं के नाम दर्ज न होने के मामले सामने आए हैं, तो वे सीमित हैं और तकनीकी समस्याओं के कारण हैं, जिनका समाधान निर्वाचन आयोग द्वारा किया जा रहा है। प्रधान ने रेखांकित किया कि 'परिवर्तन यात्रा' ममता बनर्जी सरकार को सत्ता से बेदखल करने और भाजपा की 'डबल इंजन' शासन की शुरुआत करने में परिणत होगी। उन्होंने कहा कि एक इंजन दिल्ली से और दूसरा कोलकाता से चलेगा, जिससे राज्य में विकास को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि राज्य का एक भी वास्तविक नागरिक वंचित नहीं रहेगा। तृणमूल इस मुद्दे पर गुमराह कर रही है और एक झूठी कहानी गढ़ रही है। प्रधान ने कहा कि बंगाल के लोगों को 34 वर्षों के वामपंथी कुशासन के बाद 2011 में 'परिवर्तन' की उम्मीद थी। हालांकि, वामपंथी सत्ता से हट गए, लेकिन उनकी स्थिति और भी बदतर हो गई। उन्होंने आरोप लगाया कि युवाओं के लिए रोजगार के घटते अवसरों से लेकर महिलाओं की सुरक्षा और व्यवसायों के पलायन तक तमाम चिंताएं हैं। बंगाल कभी अग्रणी था, जो अब पिछड़ गया है। प्रधान ने कहा कि बंगाल के युवाओं को रोजगार चाहिए, भत्ता नहीं, महिलाओं को सड़कों और कार्यस्थलों पर सुरक्षा चाहिए। भाजपा यह सुनिश्चित करेगी। उन्होंने राज्य सरकार पर केंद्रीय निधियों का उपयोग करने में विफल रहने का आरोप लगाते हुए दावा किया कि केंद्र ने बंगाल के लिए बड़ी रकम स्वीकृत की थी, लेकिन 'संकीर्ण राजनीतिक कारणों' से पैसा खर्च नहीं हुआ। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र ने बंगाल के विद्यालयों के लिए 10,000 करोड़ रुपये आवंटित किए थे, लेकिन यह राशि खर्च नहीं की गई। हर घर में पीने का पानी उपलब्ध कराने से लेकर विद्यालयों में बुनियादी ढांचे के विकास तक, राज्य सरकार आवश्यक कदम नहीं उठा रही है और सारा दोष केंद्र पर मढ़ रही है। प्रधान ने आरोप लगाया कि शहरों और जिलों में सैकड़ों स्कूल या तो दयनीय स्थिति में हैं या बंद हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भी हमने यादवपुर विश्वविद्यालय के लिए 1,000 करोड़ रुपये स्वीकृत किए थे, लेकिन राज्य सरकार के टालमटोल भरे रवैये के कारण इस राशि का उपयोग नहीं हो सका।

## प्रतीक मिलने से पहले बदला हुमायूं कबीर की पार्टी का नाम

**कोलकाता :** चुनावी प्रक्रिया के बीच भरतपुर के विधायक हुमायूं कबीर को बड़ा झटका लगा है। प्रतीक मिलने से पहले ही उन्हें अपनी पार्टी का नाम बदलना पड़ा। अब उनकी पार्टी का नया नाम 'आम जनता उन्नयन पार्टी' होगी। रविवार को हुमायूं कबीर ने बताया कि रुहुल अमीन पहले ही अपनी राजनीतिक पार्टी का नाम जेयूपी के रूप में चुनाव आयोग में पंजीकृत करा चुके हैं और उसे मान्यता भी मिल चुकी है। हाल ही में दिल्ली से चुनाव आयोग ने इस संबंध में पत्र भेजकर जानकारी दी। इसके बाद वे दिल्ली गए और पार्टी का नाम बदलने का निर्णय लिया। हुमायूं कबीर ने कहा कि अब उनकी पार्टी का नाम 'आम जनता उन्नयन पार्टी' रखा गया है और शीघ्र ही नया चुनाव चिह्न भी मिल जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि उनकी नई पार्टी का गठबंधन ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम), सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई), आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) सहित कई छोटे दलों के साथ होने जा रहा है। उन्होंने रुहुल अमीन को भी उनकी राष्ट्रीय उन्नयन पार्टी के साथ इस गठबंधन में शामिल होने का प्रस्ताव दिया है। हुमायूं कबीर ने दावा किया कि सभी दल एकजुट होकर राज्य से सत्तारूढ़ दल को हटाने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ेंगे।

# बंगाल की मतदाता सूची से '50 लाख से अधिक घुसपैठियों' के नाम हटाए गए : नितिन नवीन

❑ भाजपा अध्यक्ष ने कूचबिहार में पार्टी की 'परिवर्तन यात्रा' को दिखायी हरी झंडी



**कूचबिहार :** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने रविवार को दावा किया कि राज्य में मतदाता सूची से '50 लाख से अधिक घुसपैठियों' के नाम हटाये गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में अवैध प्रवासियों का समय समाप्त हो गया है। कूचबिहार में पार्टी की 'परिवर्तन यात्रा' को रवाना करने से पहले आयोजित एक रैली को संबोधित करते हुए नवीन ने दावा किया कि जिन्हें मतदाता सूची से हटाया गया है वे 'घुसपैठिए' थे, जो सरकारी नौकरियों और वास्तविक नागरिकों के लिए बनी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठा रहे थे। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची से 50 लाख से अधिक घुसपैठियों के नाम हटाए गए हैं। ये घुसपैठिए न केवल वैध नागरिकों के अधिकारों का हनन कर रहे थे, बल्कि देश की सुरक्षा को भी खतरे में डाल रहे थे। नवीन ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर अवैध प्रवासियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। साथ ही, उन्होंने ममता पर यह आरोप भी लगाया कि उन्होंने फर्जी दस्तावेज प्राप्त करने में मदद करके घुसपैठियों को संरक्षण प्रदान किया है। नवीन ने तृणमूल कांग्रेस नेतृत्व पर तीखा हमला करते हुए कहा कि ममता बनर्जी ने मतदाता सूची में घुसपैठियों को बचाने के लिए अदालतों का रुख किया, क्योंकि वे उनकी पार्टी का वोट बैंक हैं। इन घुसपैठियों के लिए आप आधी रात को भी अदालतों का रुख करते हैं। फिर, जब महिलाओं को अपमान का सामना करना पड़ता है, तो आप नजरें चुरा लेते हैं। उन्होंने कहा कि घुसपैठियों को हमारा संदेश है कि अब उन्हें बंगाल की धरती से बाहर निकाले जाने का समय आ गया है। हमें न केवल घुसपैठियों को बाहर निकालना है, बल्कि एक ऐसी निर्णायक सरकार भी बनानी होगी जो यहां के लोगों को विकास से जोड़ सके। भाजपा अध्यक्ष नवीन ने आरोप लगाया कि राज्य में कई केंद्रीय योजनाओं को ठीक से क्रियान्वयन नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि जिन योजनाओं को ममता दीदी यहां सौतेले व्यवहार से लागू करती हैं, उन्हें हम यहां हर हाल में लागू करेंगे, चाहे कुछ भी हो जाए। उन्होंने कहा कि ममता दीदी, क्या यही वह सोनार बांग्ला का सपना है जो आपने दिखाया था, जहां केवल भ्रष्टाचार, अराजकता और जनता का शोषण है? जिन युवाओं को आईटी हब देखना था, वे अब असामाजिक गतिविधि देख रहे हैं। जहां विकास होना चाहिए था, वह घोटालों का अड्डा बन गया है। उन्होंने कहा कि 'परिवर्तन यात्रा' का उद्देश्य सरकार को जवाबदेह ठहराना है। नवीन ने सांस्कृतिक और धार्मिक मुद्दों को लेकर भी राज्य में सत्तारूढ़ पार्टी पर हमला किया। उन्होंने तुष्टीकरण की राजनीति का आरोप लगाते हुए कहा कि 'काली पूजा करने के लिए हमें अदालत से अनुमति लेनी पड़ती है, लेकिन नमाज अदा करने पर ऐसी कोई पाबंदी नहीं है। जब हम पश्चिम बंगाल से लगी अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बाड़ लगाने के लिए जमीन मांगते हैं, तो ममता कहती हैं कि जमीन उपलब्ध नहीं है और प्रक्रिया में देरी करती हैं। लेकिन जब तुष्टीकरण की बात आती है, तो वह हर संभव रियायत देने में तत्पर रहती हैं।' नवीन ने कहा कि यह 'परिवर्तन यात्रा' 5,000 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करेगी और राज्य के हर घर तक पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि जहां अब तक केवल वादे और अहंकार ही कायम थे, वहां भाजपा बदलाव की आवाज लेकर आ रही है। ये बदलाव केवल व्यवस्था में परिवर्तन तक सीमित नहीं है, बल्कि मानसिकता में बदलाव लाने से संबंधित हैं। सकारात्मक सोच के साथ हम नए बंगाल की नींव रखेंगे और एक विकसित राज्य का सपना साकार करेंगे।

# भाजपा ने भवानीपुर में ममता को चुनौती देने को 'वॉर रूम' बनाया

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा आगामी विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को उनके गृह व विधानसभा क्षेत्र भवानीपुर में कड़ी टक्कर देना चाहती है। विपक्ष के नेता और भाजपा के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने कोलकाता के भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र में एक 'वार रूम' बनाया है। भाजपा सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। यह 'वार रूम' कोलकाता नगर निगम (केएमसी) के वार्ड नंबर-70 में 8/1बी चक्रबेरिया रोड (साउथ) के एक घर के ग्राउंड फ्लोर पर बनाया गया है। बता दें कि 2014 के लोकसभा चुनाव के बाद से, भाजपा को भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र के छह वार्डों में लगातार अच्छे वोट मिल रहे हैं। कई मामलों में तो भाजपा वार्ड 63, 70, 71, 72 और 74 में सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस को पीछे छोड़ते हुए बड़े अंतर से आगे रही है। इन आंकड़ों के आधार पर, विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी आने वाले चुनाव में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को उनके खुद के विधानसभा व गृह क्षेत्र में हराने की रणनीति में जुटे हैं। यही वजह है कि शुभेंदु सप्ताह में कम से कम एक बार भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के अलग-अलग कार्यक्रमों में हिस्सा ले रहे हैं। प्रदेश भाजपा नेतृत्व का कहना है कि मुख्यमंत्री आने वाला विधानसभा चुनाव भवानीपुर से लड़ेंगी। इसलिए, भाजपा नेतृत्व ने विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी को तैयारी करने के निर्देश दिए हैं ताकि इस बार ममता को फिर से कड़ी टक्कर मिल सके। भाजपा के एक सूत्र ने बताया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ लड़ने की रणनीति वार्ड नंबर-70 में पार्टी के वार रूम कार्यालय से लागू की जाएगी। चूंकि, इस वार्ड में भाजपा के सबसे ज्यादा वोट हैं, इसलिए मुख्यमंत्री के खिलाफ लड़ने के लिए इस वार्ड में एक कार्यालय बनाने का फैसला किया गया है।

**Name Change**

I ARUN DAS Unit-58 WEU R/o. Vill + P.O- Tilkhoja. P.S- Moyna, Dist-Purba Medinipur, State-West Bengal, Pin-721629. My Service No-15679641P, Rank. HAV. I am citizen of India. SANDHYA RANI DAS is my Mother. In my Army Service Records, My Mother's Name & D.O.B is wrongly recorded as SANDYA RANI DAS -01.07.1967. As per her identified Document/ Aadhaar card, her correct Name & D.O.B IS SANDHYA RANI DAS 01.01.1965 which may be.

**Name Change**

I ARUN DAS Unit-58 WEU R/o. Vill+ PO-Tilkhoja, P.S-Moyna, Dist-Purba Medinipur, State-West Bengal, Pin-721629. My. service No-15679641P, Rank. HAV. I am citizen of India. SAHADEB DAS is my father. In my Army Service Records, My Father's Name & D.O.B is wrongly recorded as SAHADEV DAS 01.07.1957. As per his identified Document I Aadhaar card, his correct Name & D.O.B is SAHADEB DAS 01.01.1953 which may be amended accordingly for all further Purposes. I am producing this Affidavit for the purpose of evidence for my father's Name & D.O.B. Affidavit date -10.02.2026, Notary Public at Tamluk.SAHADEV DAS and SAHADEB DAS both are the same and one identical person.

# दीवार लेखन को लेकर तृणमूल-भाजपा में झड़प, नेताजीनगर थाने के सामने तनाव



**कोलकाता :** चुनाव नजदीक आते ही दीवार लेखन को लेकर नेताजीनगर इलाके में तृणमूल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच तीखी झड़प हो गई। नेताजीनगर थाने के सामने दोनों पक्षों के बीच हाथापाई और पत्थरबाजी की घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थिति नियंत्रित करने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया।

भाजपा का आरोप है कि नेताजीनगर क्षेत्र में उनकी पार्टी की दीवार पर तृणमूल कार्यकर्ताओं ने कब्जा कर लिया। इसके विरोध में रविवार को भाजपा कार्यकर्ता थाने के सामने प्रदर्शन कर रहे थे। आरोप है कि उसी दौरान तृणमूल कार्यकर्ताओं ने आकर उन पर हमला कर दिया। पत्थर और ईंटें फेंकी गईं तथा लाठियों से मारपीट की गई, जिसमें भाजपा के कई कार्यकर्ता घायल हो गए। भाजपा ने पुलिस पर निष्क्रिय रहने का आरोप लगाया है।

वहीं तृणमूल कांग्रेस ने पलटवार करते हुए दावा किया कि भाजपा कार्यकर्ता दीवार पर जबरन कब्जा करने पहुंचे थे और उन्होंने ही पहले ईंट-पत्थर फेंकना शुरू किया।

दोनों पक्षों के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए पुलिस ने बैरिकेड लगाकर उन्हें अलग किया और स्थिति पर काबू पाया। फिलहाल इलाके में भारी पुलिस बल तैनात है और हालात पर नजर रखी जा रही है।

# जेएसडब्ल्यू के सहयोग से संडे क्लब का जीर्णोद्धार, खिलाड़ियों में नई उम्मीद



**हुगली :** श्रीरामपुर के ऐतिहासिक संडे क्लब का टेबल टेनिस परिसर अब आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित हो गया है। क्लब का जीर्णोद्धार जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन के सहयोग से पूरा हुआ, जिससे खिलाड़ियों में नई ऊर्जा का संचार हुआ है।

साल 1950 में दे-बाड़ी के ठाकुरदालन से शुरू हुआ यह क्लब 1998 में दे घाट लेन स्थित अपने वर्तमान परिसर में स्थानांतरित हुआ था। पिछले 26-27 वर्षों से यहां इंडोर स्टेडियम में नियमित अभ्यास होता रहा, लेकिन सीमित संसाधनों के कारण लाइटिंग और उपकरणों के आधुनिकीकरण का कार्य रुका हुआ था।

क्लब की पहल पर जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन ने नवीनीकरण का जिम्मा उठाया। नई लाइटिंग व्यवस्था, फ्लोर मैट, टेबल टेनिस टेबल, बैट और बॉल सहित आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं।

पुनः उद्घाटन समारोह में श्रीरामपुर के एसडीओ शंभु दीप सरकार, बीडीओ शांतनु सिंह ठाकुर, जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन की प्रतिनिधि अमीषा कोठारी, जेएसडब्ल्यू के नरेश कुमार राघव, जितेंद्र कुमार जैन, डॉ. ऋषिकेश सिंह, क्लब अध्यक्ष हरप्रसाद दे, सचिव संजीव दे और मुख्य प्रशिक्षक अमिताभ साहा उपस्थित रहे।

कोषाध्यक्ष विक्रम बसाक ने बताया कि आर्थिक अभाव के कारण कार्य लंबे समय से रुका था। उन्होंने जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन का आभार जताते हुए कहा कि नई सुविधाओं से खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण वातावरण मिलेगा और वे राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्लब की पुरानी पहचान को पुनः स्थापित करेंगे।

**Kanaipur Gram Panchayat**
Vill.+P.O.- Kanaipur, P.S.- Uttarpara, Dist.- Hooghly

**Notice Inviting e-Tender**

e-Tender is invited from the experienced and resourceful bidders having proper credential for execution of 01 No. development work vide **Tender ID: 2026_ZPHD_1017040_1**. For more details visit www.wbtenders.gov.in & undersigned GP Office.

Sd/-
Pradhan
Kanaipur Gram Panchayat

# सरदारमल कांकरिया का हुआ सम्मान



**हावड़ा, समाज्ञा :** श्री जैन विद्यालय, हावड़ा के शिक्षकों ने सरदारमल कांकरियाको कर्मदाता सम्मान से सम्मानित किया। इस अवसर पर एसएस जैन सभा के अध्यक्ष विनोद मिन्नी, विद्यालय के सचिव ललित कांकरिया, समाजसेवी राजेंद्र रामपुरिया, सुप्रसिद्ध समाजसेवी शशि कांकरिया, श्री जैन बालिका विभाग की प्रधानाध्यापिका मौसमी घोषाल, बालक विभाग की प्रिन्सिपल इंदु जोसफ चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कोलकाता एवं हावड़ा शहर में इन्होंने शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में श्री जैन विद्यालय कोलकाता, श्री जैन विद्यालय हावड़ा(बालक विभाग), श्री जैन विद्यालय हावड़ा (बालिका विभाग), श्री तारा देवी हरखचंद कांकरिया जैन कॉलेज काशीपुर, कुसुम देवी सुन्दर लाल दुगड जैन डेंटल कॉलेज, जगतदल श्री जैन विद्यालय,कमला देवी सोहन राज सिंघवी जैन बीएड कॉलेज, श्री जैन फ्यूचरिस्टिक इंटरनेशनल अकैडमी जैसी अनेकों शिक्षण संस्थाओं की स्थापना की एवं मार्गदर्शन किया जो आज कोलकाता में अपना एक विशिष्ट एवं महत्पूर्ण स्थान रखता है एवं हजारों की संख्या में लोग इनके द्वारा संस्थानों से जुड़कर रोजगार प्राप्त किए हुए हैं ।हावड़ा जैसे अंचल में जहां स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में उन्होंने श्री जैन हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर की स्थापना की जो हावड़ा वासियों के लिए एक वरदान के रूप में साबित हुआ। उनके प्रयास से राजस्थान,पश्चिम-बंगाल सहित अन्य राज्यों के कई गांव में महिलाओं के लिए लघु-कुटीर उद्योग हेतु संसाधन जैसे सिलाई मशीन आदि उपलब्ध कराए जाते हैं, युवाओं के उच्च शिक्षा हेतु बिना ब्याज के धन की मदद की जाती है, जैन बुक बैंक द्वारा हजारों गरीब विद्यार्थियों को मुफ्त में उपलब्ध कराई जाती हैं। गरीबों के लिए राशन की व्यवस्था की गयी है जो प्रत्येक महीने वितरित किया जाता है। संसाधनहीन विद्यालयों को आवश्यकता अनुसार कंप्यूटर, पंखा, ठंडे पानी की मशीन, टेबल-बेंच आदि प्रदान की जाती है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक प्रतिनिधि संतोष कुमार तिवारी ने कांकरिया जी के शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय योगदान के लिए भारत सरकार से उन्हें पद्मश्री सम्मान से सम्मानित करने की मांग की। कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय सिंह, प्राणवेश मिश्र, सतीश सिंह, सोमेन चक्रवर्ती, दीपशिखा तिवारी, इंद्राणी गांगुली, सपना चक्रवर्ती, राम पुकार शर्मा, स्वागता सरकार, भावना सिंह, स्वारिता सिंह, जगत नारायण सिंह, संजय मिश्र, हरीश पाठक, सुपर्णा गोस्वामी, प्रेरणा सिंह आदि की भूमिका अहम रही। मंच का संचालन संतोष कुमार तिवारी ने किया।

## धूमधाम से मनाया गया होली का त्योहार



**कोलकाता, समाज्ञा :** होली त्योहार के अवसर पर सामाजिक और राजनीतिक कार्यकर्ता सुशील कोठारी द्वारा आयोजित होली मिलन उत्सव पर विधायक विवेक गुप्ता, पूर्व विधायक संजय बख्शी, पूर्व विधायक स्मिता बख्शी सहित पार्षद विजय उपाध्याय, पार्षद राजेश सिन्हा, पार्षद इलोरा साहा, पोस्ता थाना प्रभारी जयप्रकाश मिधा, तृणमूल युवा महासचिव सौम्य बख्शी, तृणमूल कांग्रेस नेता स्वप्न बर्मन, वरुण मल्लिक, पप्पू तिवारी, तपन राय, मृणाल साहा, सचिन त्रिपाठी, पवन ओझा, रतन भौमिक, दारा सिंह, संजू बर्मन, रघुनाथ अग्रवाल, पवन शर्मा, संदीप सिंह, बागेश मिश्रा, दिनेश सिंह, अजय सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्तित्व ने इस समारोह में शामिल होकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। कार्यक्रम में संजू मेहरा ग्रुप द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय थे मनोज झंवर, चंद्र दमानी, हरि नारायण भट्टर, विशाल कोठारी, शशांक देराश्री, अभिषेक आसोपा, मनीष बिस्सा, जनार्दन अग्रवाल, रंजीत सिंह, सरोज मंडल सहित अनेक सदस्यगण ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## फिटनेस एंड फन ने धूमधाम से मनाया मनाया होली का त्योहार



**हावड़ा, समाज्ञा :** प्रातः भ्रमणकारियों की संस्था फिटनेस एंड फन ने हावड़ा के रेल म्यूजियम में अपने प्रातः भ्रमणकारियों साथियों के साथ होली का त्योहार धूमधाम से मनाया। इस मौके पर समाज्ञा हिन्दी दैनिक दके संपादक अनिल राय, पवन जायसवाल, ओमप्रकाश जायसवाल, विजय साव, जयप्रकाश जायसवाल, विकास जायसवाल, विकास साव, बीरेंद्र जायसवाल, महेंद्र सिंह, राजीव दवे, पप्पू साव, नितिन गुप्ता, बिजय रस्तोगी और महिला सदस्यों में केश जायसवाल, नीलम जायसवाल, माधुरी, रजनी, जूही, आरती, सरोजनी, आराधना, रेखा, संजू, रीता और बच्चा पार्टी में नायशा, लावण्या और दिव्या उपस्थित थी।

## अनारक्षित स्पेशल ट्रेनें

**कोलकाता से जयपुर, आसनसोल से प्रयागराज, कोलकाता से दिल्ली, सियालदह से दिल्ली, आसनसोल से जयपुर एवं आसनसोल से विशाखापट्टणम तक**

**होली उत्सव** के लिए यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ से निपटने के लिए **कोलकाता से जयपुर, आसनसोल से प्रयागराज, कोलकाता से दिल्ली, सियालदह से दिल्ली, आसनसोल से जयपुर** तथा **आसनसोल से विशाखापट्टणम तक वन वे आरक्षित स्पेशल ट्रेनें** नीचे उल्लेखित संक्षिप्त समय-सारणी, ठहराव, यात्रा के दिन एवं गठन के अनुसार चलाई जाएंगी :-

**03115 कोलकाता-जयपुर वन वे अनारक्षित स्पेशल ट्रेन**

| स्टेशन | आगमन | प्रस्थान | यात्रा की तारीख |
|---|---|---|---|
| कोलकाता ↓ | - | 23.55 | 02.03.2026 (सोमवार) |
| आसनसोल | 04.20 | 04.25 | 03.03.2026 (मंगलवार) |
| गया | 09.05 | 09.10 | |
| जयपुर | 11.50 | - | 04.03.2026 (बुधवार) |

उपरोक्त स्पेशल ट्रेन यात्रा के दौरान मार्ग में नैहाटी, बैण्डेल, बर्द्धमान, दुर्गापुर, धनबाद, नेजाजी सुभाष चंद्र बोस गोमो जंक्शन, पारसनाथ, हजारीबाग रोड, कोडरमा, अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, सुबेदारगंज, गोविंदपुरी, इटावा जंक्शन, बाह, फतेहाबाद, आगरा कैण्ट. जंक्शन, भरतपुर जंक्शन, बंदीकुई जंक्शन, दौसा एवं खातीपुरा स्टेशनों में भी ठहरेगी। **यात्रा की तारीखः कोलकाता से - 03115** दिनांक 02.03.2026 (सोमवार) = 01 ट्रिप। **गठनः** शयनयान श्रेणी/साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस) - 15 एवं जीएसएलआरडी - 02 = 17 कोच। **श्रेणीः** मेल/एक्सप्रेस।

**03531 आसनसोल-प्रयागराज वन वे अनारक्षित स्पेशल ट्रेन**

| स्टेशन | आगमन | प्रस्थान | यात्रा की तारीख |
|---|---|---|---|
| आसनसोल ↓ | - | 12.30 | 02.03.2026 (सोमवार) |
| मधुपुर | 13.34 | 13.36 | |
| जसीडीह | 14.00 | 14.02 | |
| प्रयागराज | 07.00 | - | 03.03.2026 (मंगलवार) |

उपरोक्त स्पेशल ट्रेन यात्रा के दौरान मार्ग में चित्तरंजन, जामताड़ा, झाझा, किऊल जंक्शन, मोकामा, बख्तियारपुर, पटना, आरा, बक्सर एवं पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन स्टेशनों में भी ठहरेगी। **यात्रा की तारीखः आसनसोल से - 03531** दिनांक 02.03.2026 (सोमवार) = 01 ट्रिप। **गठनः** शयनयान श्रेणी/साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस) - 18 एवं जीएसएलआरडी - 02 = 20 कोच। **श्रेणीः** मेल/एक्सप्रेस।

**03117 कोलकाता-दिल्ली वन वे अनारक्षित स्पेशल ट्रेन**

| स्टेशन | आगमन | प्रस्थान | यात्रा की तारीख |
|---|---|---|---|
| कोलकाता ↓ | - | 15.30 | 03.03.2026 (मंगलवार) |
| बर्द्धमान | 18.50 | 18.52 | |
| जसीडीह | 22.15 | 22.17 | |
| दिल्ली | 05.15 | - | 05.03.2026 (गुरुवार) |

उपरोक्त स्पेशल ट्रेन यात्रा के दौरान मार्ग में नैहाटी, बैण्डेल, दुर्गापुर, आसनसोल, चित्तरंजन, मधुपुर, झाझा, किऊल, मोकामा, बख्तियारपुर, पटना, आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, सुबेदारगंज, गोविंदपुरी, टूण्डला तथा अलीगढ़ स्टेशनों में भी ठहरेगी। **यात्रा की तारीखः कोलकाता से - 03117** दिनांक 03.03.2026 (मंगलवार) = 01 ट्रिप। **गठनः** शयनयान श्रेणी/साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस)-18 एवं जीएसएलआरडी-02=20 कोच। **श्रेणीः** मेल/एक्सप्रेस।

**03113 सियालदह-दिल्ली वन वे अनारक्षित स्पेशल ट्रेन**

| स्टेशन | आगमन | प्रस्थान | यात्रा की तारीख |
|---|---|---|---|
| सियालदह ↓ | - | 15.30 | 02.03.2026 (सोमवार) |
| बर्द्धमान | 17.52 | 17.54 | |
| भागलपुर | 01.05 | 01.15 | 03.03.2026 (मंगलवार) |
| दिल्ली | 07.00 | - | |

उपरोक्त स्पेशल ट्रेन यात्रा के दौरान मार्ग में नैहाटी, बैण्डेल, बोलपुर शांतिनिकेतन, सैंथिया, रामपुरहाट, बड़हरवा, साहिबगंज, कहलगाँव, सुल्तानगंज, मुंगेर, बरौनी, हाजीपुर, छपरा, बलिया, गाजीपुर सिटी, औंड़िहार, वाराणसी, जंघई, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन, राय बरेली, लखनऊ, मोरादाबाद तथा गाजियाबाद स्टेशनों में भी ठहरेगी। **यात्रा की तारीखः सियालदह से - 03113** दिनांक 02.03.2026 (सोमवार) = 01 ट्रिप। **गठनः** शयनयान श्रेणी/साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस) - 15 एवं जीएसएलआरडी - 02 = 17 कोच। **श्रेणीः** मेल/एक्सप्रेस।

**03535 आसनसोल-जयपुर वन वे अनारक्षित स्पेशल ट्रेन**

| स्टेशन | आगमन | प्रस्थान | यात्रा की तारीख |
|---|---|---|---|
| आसनसोल ↓ | - | 12.30 | 03.03.2026 (मंगलवार) |
| मधुपुर | 13.34 | 13.36 | |
| जसीडीह | 14.00 | 14.02 | |
| आगरा कैण्ट जं. | 15.10 | 15.15 | 04.03.2026 (बुधवार) |
| जयपुर | 01.00 | - | 05.03.2026 (गुरुवार) |

उपरोक्त स्पेशल ट्रेन यात्रा के दौरान मार्ग में चित्तरंजन, जामताड़ा, झाझा, किऊल जंक्शन, मोकामा, बख्तियारपुर, पटना, आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, सुबेदारगंज, गोविंदपुरी, इटावा जंक्शन, बाह, फतेहाबाद, भरतपुर जंक्शन, बंदीकुई जंक्शन, दौसा एवं खातीपुरा स्टेशनों में भी ठहरेगी। **यात्रा की तारीखः आसनसोल से - 03535** दिनांक 03.03.2026 (मंगलवार) = 01 ट्रिप। **गठनः** शयनयान श्रेणी/साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस) - 16 एवं जीएसएलआरडी - 02 = 18 कोच। **श्रेणीः** मेल/एक्सप्रेस।

**03533 आसनसोल-विशाखापट्टणम वन वे अनारक्षित स्पेशल ट्रेन**

| स्टेशन | आगमन | प्रस्थान | यात्रा की तारीख |
|---|---|---|---|
| आसनसोल ↓ | - | 09.10 | 03.03.2026 (मंगलवार) |
| बाँकुड़ा | 10.33 | 10.35 | |
| कटक | 16.50 | 16.55 | |
| विशाखापट्टणम | 02.00 | - | 04.03.2026 (बुधवार) |

उपरोक्त स्पेशल ट्रेन यात्रा के दौरान मार्ग में आद्रा, हिजली, भुवनेश्वर, खोरधा रोड, ब्रह्मपुर एवं विजयनगरम स्टेशनों में भी ठहरेगी। **यात्रा की तारीखः आसनसोल से - 03533** दिनांक 03.03.2026 (मंगलवार) = 01 ट्रिप। **गठनः** शयनयान श्रेणी/साधारण द्वितीय श्रेणी (एलएस) - 12, एलएसएलआरडी - 01 एवं पावर कार - 01 = 14 कोच। **श्रेणीः** मेल/एक्सप्रेस।

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 75 वर्ष के हुए, प्रधानमंत्री मोदी समेत कई नेताओं ने दी बधाई

**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रविवार को 75 वर्ष के हो गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और कई अन्य नेताओं ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''बिहार के मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। वह पिछले कई वर्षों से बिहार की प्रगति के लिए अथक परिश्रम कर रहे हैं।'' मोदी ने कहा कि नीतीश कुमार की दूरदृष्टि और विकास योजनाओं ने अनगिनत लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डाला है। प्रधानमंत्री ने नीतीश कुमार के दीर्घायु होने और स्वस्थ जीवन की भी कामना की।


## बिहार में सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान परिवार के चार लोगों की मौत

**हाजीपुर (बिहार):** बिहार के वैशाली जिले में रविवार को एक घर में सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान जहरीली गैस की चपेट में आने से एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। घटना अनवरपुर गांव में सराय थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुई। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों की पहचान की प्रक्रिया जारी है। हाजीपुर सदर अनुमंडल के एसडीएम रामबाबू बाइठा ने कहा, रविवार दोपहर अधिकारियों को सूचना मिली कि अनवरपुर गांव में अपने घर के सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान एक ही परिवार के चार सदस्य बेहोश हो गए। बाद में ग्रामीण उन्हें निकटतम अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने चारों को मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और जांच जारी है।

## तेजस्वी के राज्यसभा चुनाव लड़ने की अटकलों के बीच लालू ने रविवार को राजद की बैठक बुलाई

**पटना:** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव के बिहार में राज्यसभा चुनाव लड़ने की अटकलों के बीच, पार्टी प्रमुख लालू प्रसाद ने रविवार को यहां संसदीय बोर्ड की बैठक बुलाई। यह बैठक राज्यसभा चुनाव में नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि से चार दिन पहले हो रही है। राजद की बिहार इकाई के प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने पत्रकारों से कहा, 'मैं अटकलों पर कुछ नहीं कहना चाहता, लेकिन एक बात बिल्कुल स्पष्ट है। लोग हमारे नेता तेजस्वी जी को संसद के उच्च सदन में देखना चाहते हैं। इंतजार करें, जल्द स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।'

# यूपी में दो से चार मार्च तक समस्त ग्राम पंचायतों में चलेगा स्वच्छता अभियान : योगी आदित्यनाथ



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अधिकारियों को निर्देश दिया कि दो से चार मार्च तक समस्त ग्राम पंचायतों में स्वच्छता अभियान चलाया जाए। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान में कहा गया है कि प्रदेश में होली के पर्व को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्रामीण इलाकों में स्वच्छता और मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के पुख्ता इंतजाम के निर्देश दिए हैं। इसके अंतर्गत दो से चार मार्च तक पूरे प्रदेश की ग्राम पंचायतों में व्यापक स्तर पर स्वच्छता और सैनिटाइजेशन अभियान चलेगा। योगी ने अधिकारियों को त्योहार को लेकर सफाई व्यवस्था पर विशेष नजर रखने के निर्देश दिए हैं। इसके अंतर्गत सभी जिलाधिकारी और अन्य अधिकारी निगरानी करेंगे। इस अभियान के तहत ग्रामीण इलाकों में कार्यक्रम स्थलों, घाटों, तालाबों, अमृत सरोवरों और स्नान स्थलों की सफाई, फॉगिंग, एंटी लार्वा छिड़काव और अपशिष्ट निस्तारण जैसे कार्य किए जाएंगे। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि होली के उत्सव से पहले और बाद दोनों अवधि में कार्यक्रम स्थलों पर विशेष सफाई सुनिश्चित की जाए। बयान के अनुसार पंचायती राज विभाग के निदेशक अमित कुमार सिंह ने कहा है कि कार्यक्रम सम्पन्न होने के उपरांत सभी अपशिष्ट पदार्थों का समुचित निपटान किया जाए। सभी जिला पंचायती राज अधिकारियों को विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा नदी-तालाबों या सरोवरों के घाटों की मरम्मत, रंगाई-पुताई और सुरक्षा इंतजाम की जिम्मेदारी भी स्थानीय ग्राम पंचायतों को सौंपी गई है।

## पटना छात्र संघ चुनाव: एनएसयूआई ने अध्यक्ष-महासचिव पद पर जीत दर्ज की, एबीवीपी का दो सीट पर कब्जा

**पटना:** पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव में कांग्रेस समर्थित भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने अध्यक्ष व महासचिव पद पर जीत हासिल की जबकि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने दो सीट पर कब्जा किया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। चुनाव के परिणाम शनिवार रात घोषित किये गये और छात्र संगठन की एक अन्य टीम 'ओसामा' ने उपाध्यक्ष पद पर जीत हासिल की। अधिकारियों ने बताया कि एबीवीपी ने संयुक्त सचिव व कोषाध्यक्ष का पद हासिल किया जबकि जनता दल यूनाइटेड (जदयू) और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) समर्थित उम्मीदवार एक भी सीट नहीं जीत सके।

## न्यूज अपडेट

### बिहार में बस और ट्रक के बीच टक्कर, तीन लोगों की मौत



**भाभुआ (बिहार):** बिहार के कैमूर जिले में रविवार सुबह बस और ट्रक के बीच टक्कर होने से एक लड़की समेत तीन लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हादसा सुबह करीब छह बजे नसेज रेलवे क्रॉसिंग गेट के पास कुद्रा थाना क्षेत्र में हुआ। अनुमंडल पुलिस अधिकारी (मोहनिया) प्रदीप कुमार ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, सुबह करीब छह बजे एक डंपर ट्रक ने बस को टक्कर मार दी, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। उन्होंने कहा कि मृतकों की पहचान अभी नहीं हो पाई है, लेकिन एसडीपीओ ने पुष्टि की कि हादसे में मरने वालों में एक लड़की भी शामिल है। कुमार ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और घायलों का इलाज भभुआ के सदर अस्पताल में किया जा रहा है।

### झांसी में युवक ने भाभी पर चाकू से हमला किया

**झांसी (उप्र) :** झांसी जिला मुख्यालय के प्रेमनगर इलाके में एक युवक ने रिश्ते की अपनी भाभी पर शनिवार को कथित रूप से चाकू से हमला करने के कुछ घंटे बाद आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि महिला को गंभीर हालत में मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। उसने बताया कि नैनागढ क्षेत्र स्थित साहू धर्मशाला के पास रहने वाले राकेश साहू ने पुलिस को बताया कि वह सुबह अपना ऑटो लेकर काम पर गया हुआ था, तभी पास ही के हीरापुरा गांव का निवासी उसका मौसेरा भाई महेंद्र साहू (30) सुबह करीब नौ बजे उसके घर आया और उसने उसकी पत्नी माया देवी (36) पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया। राकेश ने कहा कि दो वर्ष पूर्व उन दोनों के बीच कथित संबंधों को लेकर विवाद हुआ था जिसके बाद परिजनों ने दोनों को समझा-बुझाकर मामला शांत करा दिया था और इसी बात की रंजिश के कारण महेंद्र ने माया पर हमला किया। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही थी। पुलिस ने बताया कि इसी बीच शनिवार शाम को इलाके के जुगनू मैरिज हॉल के पास महेंद्र का शव एक पेड़ पर लटका मिला।

### राजस्थान : सार्वजनिक परिवहन में महिलाओं की सुरक्षा के लिए क्यूआर कोड आधारित ऐप की शुरुआत

**जयपुर:** राजस्थान पुलिस ने आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस से पहले सार्वजनिक परिवहन में महिलाओं की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए प्रौद्योगिकी आधारित पहल शुरू की है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कुमार शर्मा के निर्देश पर राज्यभर में विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत बसों, ऑटो-रिक्शा और टैक्सियों में राजकॉप सिटीजन ऐप के क्यूआर कोड वाले पोस्टर और स्टिकर लगाए जा रहे हैं। इस पहल का उद्देश्य यात्रा के दौरान महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा आपात स्थिति में तुरंत पुलिस सहायता उपलब्ध कराना है। पुलिस मुख्यालय के अनुसार, प्रदेश के विभिन्न जिलों में यातायात पुलिसकर्मियों द्वारा सार्वजनिक परिवहन के वाहनों में क्यूआर कोड वाले पोस्टर लगाए जा रहे हैं ताकि यात्री आसानी से इस सुविधा का लाभ उठा सकें। पुलिस ने बताया कि सार्वजनिक परिवहन में यात्रा कर रहीं छात्राएं, कामकाजी महिलाएं और अन्य महिला यात्री अपने मोबाइल फोन से वाहन में प्रदर्शित क्यूआर कोड को स्कैन कर सीधे राजकॉप सिटीजन ऐप डाउनलोड कर सकती हैं। ऐप की एक महत्वपूर्ण विशेषता 'नीड हेल्प' विकल्प है, जो विशेष रूप से आपात स्थिति के लिए बनाया गया है।

### झारखंड में आईईडी विस्फोट में कोबरा का सहायक कमांडेंट घायल

**चाईबासा (झारखंड):** झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले में माओवादियों के खिलाफ चलाए गए अभियान के दौरान रविवार को एक 'परिष्कृत विस्फोटक उपकरण' (आईईडी) के जरिये किए गए विस्फोट में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की विशेष इकाई कोबरा का एक सहायक कमांडेंट घायल हो गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना सारंडा के जंगल में उस समय घटी जब प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) द्वारा लगाए गए एक आईईडी में विस्फोट हो गया। पश्चिम सिंहभूम के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अमित रेणु ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''विस्फोट में एक सहायक कमांडेंट घायल हो गए और उन्हें हवाई मार्ग से रांची के एक अस्पताल में ले जाया जा रहा है।' 'कमांडो बटालियन फॉर रेजोल्यूट एक्शन' (कोबरा) सीआरपीएफ की एक विशेष इकाई है, जो गुरिल्ला रणनीति और जंगल युद्ध में निपुण है।

## ब्रज में खेली गयी छड़ीमार होली



**मथुरा:** उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में बरसाना और नन्दगांव की लट्ठमार होली के बाद भी ब्रज में होली का उल्लास कुछ कम नहीं हुआ है। प्राचीन परंपरा के अनुसार रविवार को गोकुल की ग्वालिनों ने कान्हा स्वरूप हुरियारों पर प्रेमपगी छड़ियां बरसाईं। जिला प्रशासन के सूत्रों ने यहां बताया कि छड़ीमार होली की शुरुआत सुबह 10 बजे नंद भवन नन्दकिला से ठाकुरजी का डोला (शोभायात्रा) निकालने से हुई जिसके बाद यह डोला नन्द चौक से होकर मुरलीधर घाट पर पहुंचा। उन्होंने बताया कि मंदिर के सेवायत पुजारी मथुरा दास ने ठाकुरजी की आरती उतारी और गोकुल वासियों ने गली-गली में डोले का फूलों की बारिश कर स्वागत किया। सूत्रों ने बताया कि डोले के साथ गोकुलवासी मस्त होकर नाचते-गाते चल रहे थे और गोकुल की ग्वालिनें भी छड़ी लेकर डोले के साथ-साथ चल रहीं थीं। उन्होंने बताया कि इस बीच, ग्वाल-बालों ने ग्वालिनों से हंसी ठिठोली शुरु की तो पहले तो ग्वालिनों ने उन्हें समझाया, और जब वे नहीं माने तो मुरलीधर घाट पहुंचते-पहुंचते छड़ियों की मार की बरसात शुरू कर दी। स्थानीय लोगों के मुताबिक यह वही जगह थी जहां कभी (द्वापर युग में) भगवान श्रीकृष्ण ने भी अपने सखाओं के साथ मिलकर ग्वालिनों से होली खेली थी। सूत्रों ने बताया कि छड़ीमार होली के दौरान हर तरफ अबीर और गुलाल की बरसात होती रही तथा हुरियार ही नहीं, श्रद्धालु भी टेसू के फूलों से बने रंग से तरबतर हो आनन्द लेते रहे।

### वाराणसी के काशी विश्वनाथ धाम में खेली जाएगी 'पुष्प होली'

**वाराणसी :** एक मार्च (भाषा) वाराणसी के काशी विश्वनाथ धाम में होली के दिन 'पुष्प होली' का आयोजन किया जाएगा। इस दिन धाम में श्रद्धालु पारम्परिक और आध्यात्मिक वातावरण में उत्सव मनाएंगे। मंदिर प्रशासन के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि होली के दिन धाम स्थित शंकराचार्य चौक में पूर्वाह्न नौ से अपराह्न 12 बजे तक पुष्प होली का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पुष्प वर्षा से भक्तजन पारंपरिक और आध्यात्मिक वातावरण में होली उत्सव मना सकेंगे। सूत्रों ने बताया कि इस दौरान धाम में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें भजन, होली गीत और पारम्परिक प्रस्तुतियां शामिल रहेंगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान धाम परिसर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गए हैं और प्रवेश तथा निकास द्वारों पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और निजी सुरक्षा एजेंसियां विशेष निगरानी रखेंगी।

## वाराणसी में मात्र एक घंटे में ढाई लाख से ज्यादा पौधे रोपकर बनाया गया कीर्तिमान



**वाराणसी:** उत्तर प्रदेश में वाराणसी के सुजाबाद डोमरी क्षेत्र में आयोजित 'वृहद पौधारोपण कार्यक्रम' में रविवार को मात्र एक घंटे की समयावधि में लोगों ने दो लाख 51 हजार से ज्यादा पौधों का रोपण किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि दो लाख 51 हजार 446 पौधों का रोपण किया गया और इसके साथ ही चीन के आठ साल पुराने रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। मौके पर मौजूद गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के निर्णायक मंडल के सदस्य ऋषि नाथ ने वाराणसी के महापौर अशोक कुमार तिवारी व नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल को प्रमाणपत्र सौंपा। अधिकारियों ने बताया कि इस ऐतिहासिक पल को दर्ज करने के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की टीम सुबह से ही डोमरी में मौजूद रही। नगर निगम और विभिन्न सामाजिक व सरकारी संस्थाओं के समन्वय से सुजाबाद डोमरी के 350 बीघा क्षेत्र में विकसित किए गए इस आधुनिक 'शहरी वन' ने आज विश्व पटल पर देश और प्रदेश का मान बढ़ाया है। अधिकारियों ने बताया कि 10 मार्च 2018 को 1,53,981 पौधों का रोपण कर यह रिकॉर्ड चीन के पास था। एक घंटे में सर्वाधिक पौधे लगाने का विश्व रिकॉर्ड चीन की हेनान प्रांतीय समिति और हेनान शिफांगे ग्रीनिंग इंजीनियरिंग कंपनी के नाम था। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के निर्णायक मंडल के सदस्य ऋषि नाथ और विश्व रिकॉर्ड रणनीतिकार निश्चल बारोट ने मौके पर मौजूद रहकर प्रत्येक गतिविधि की निगरानी की। ड्रोन कैमरों और आधुनिक डिजिटल गणना तंत्र के जरिए हुई सटीक पुष्टि के बाद ऋषि नाथ ने आधिकारिक रूप से इस नए रिकॉर्ड की घोषणा की। अधिकारियों के अनुसार इस 'शहरी वन' की सबसे अनूठी विशेषता इसकी बनावट और वैचारिक पृष्ठभूमि है। पूरे वन क्षेत्र को 60 अलग-अलग सेक्टरों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक सेक्टर का नाम काशी के प्रसिद्ध गंगा घाटों जैसे - दशाश्वमेध, ललिता घाट, नया घाट, मणिकर्णिका घाट, केदार घाट, चौसट्टी घाट, मान मंदिर घाट और शीतला घाट के नाम पर रखा गया है।

## झारखंड: धनबाद में भाजपा के 'बागी' ने महापौर पद जीता, नगर निकाय चुनाव की मतगणना संपन्न



**रांची:** झारखंड के धनबाद नगर निगम (डीएमसी) में भाजपा के 'बागी' संजीव सिंह ने महापौर पद के लिए हुए चुनाव में जीत दर्ज की है, जबकि भाजपा समर्थित उम्मीदवार चौथे स्थान पर रहे। रविवार को एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शुक्रवार सुबह शुरू हुई राज्य के सभी 48 शहरी स्थानीय निकायों के लिए मतों की गिनती शनिवार रात धनबाद नगर निगम (डीएमसी) के परिणामों की घोषणा के बाद संपन्न हो गई। नगर निकाय चुनाव राजनीतिक दलों के चिह्नों पर नहीं लड़े गए, लेकिन उम्मीदवारों को इनका का समर्थन प्राप्त था। राज्य चुनाव आयोग के सचिव राधे श्याम प्रसाद ने पीटीआई-भाषा से कहा, 'नगर निकायों के निर्वाचित सदस्य अब 10 से 20 मार्च के बीच अपने-अपने स्थानीय निकायों के उप महापौर या उपाध्यक्ष का चुनाव करेंगे। वे इस अवधि के दौरान शपथ भी लेंगे।' उन्होंने बताया कि रांची नगर निगम में शपथग्रहण समारोह और उपमहापौर का चुनाव 19 मार्च को होगा, जबकि डीएमसी के लिए यही समारोह 18 मार्च को निर्धारित है। भाजपा के पूर्व विधायक संजीव सिंह ने पार्टी के समर्थन के बिना चुनाव लड़ा था।





# विदेश



# खामेनेई ने तीन दशक से अधिक समय तक क्रूर शासन किया,कई ईरानियों की नजर में वह सम्मान योग्य नहीं



**मेलबन:** तीन दशक से अधिक समय से ईरान की सत्ता और राजनीति पर मजबूत पकड़ बनाए रखने वाले सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई अब इतिहास बन चुके हैं। अमेरिकी और इजराइली हवाई हमलों में उनकी मौत की खबर ने न केवल पश्चिम एशिया की राजनीति में भूचाल ला दिया है, बल्कि उस नेता के विवादित शासन पर भी नयी बहस छेड़ दी है जिसने 36 वर्षों तक ईरान पर कठोर नियंत्रण बनाए रखा। ईरान के सबसे लंबे समय तक सत्ता में रहने वाले नेताओं में शामिल खामेनेई ईरानी समाज में लगभग उतने ही प्रभावशाली थे जितने उनके पूर्ववर्ती अयातुल्ला रूहोल्ला खोमैनी थे, जिन्होंने 1979 में इस्लामी गणराज्य ईरान की स्थापना की थी। हालांकि, ईरानी क्रांति के जनक खोमैनी थे, फिर भी कई लोगों का मानना है कि आधुनिक ईरान में खामेनेई सबसे शक्तिशाली नेता साबित हुए। तीन दशक से अधिक समय तक सर्वोच्च नेता रहते हुए खामेनेई ने घरेलू राजनीति पर अभूतपूर्व नियंत्रण स्थापित किया और आंतरिक विरोध को सख्ती से कुचला। हाल के वर्षों में उन्होंने अपनी और अपने शासन की सत्ता बनाए रखने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। दिसंबर 2025 से जनवरी 2026 के बीच हुए जनआंदोलन को उनकी सरकार ने बेहद कठोरता से दबाया, जिसमें हजारों लोग मारे गए। हालांकि, अधिकांश ईरानी उन्हें एक मजबूत या सम्मानित नेता के रूप में याद नहीं करेंगे। उनके शासन की विरासत इस्लामी गणराज्य के लिए सभी मोर्चों पर कमजोरी और व्यापक असंतोष के रूप में देखी जाएगी।

**सत्ता के शीर्ष तक खामेनेई का उदय :** खामेनेई का जन्म 1939 में ईरान के उत्तर-पूर्वी शहर मरशद में हुआ था। बचपन में उन्होंने नजफ और कुम के इस्लामी मदरसों में पढ़ाई की, जहां से उनकी धार्मिक और राजनीतिक सोच विकसित हुई। 13 वर्ष की उम्र में ही उन्होंने क्रांतिकारी इस्लाम के विचारों को अपनाना शुरू कर दिया। इनमें धर्मगुरु नवाब सफावी की शिक्षाएं शामिल थीं, जो अक्सर ईरान के शाह मोहम्मद रजा पहलवी के शासन के खिलाफ राजनीतिक हिंसा का आह्वान करते थे। वर्ष 1958 में उनकी मुलाकात अयातुल्ला रूहोल्ला खोमैनी से हुई और उन्होंने तुरंत उनकी विचारधारा को स्वीकार कर लिया, जिसे ''खोमैनीवाद'' कहा जाता है। इस विचारधारा में उपनिवेशवाद विरोध, शिया इस्लाम और एक 'न्यायपूर्ण' इस्लामी समाज के निर्माण के लिए देश की भूमिका पर जोर दिया गया था। खोमैनीवाद का मूल सिद्धांत 'विलायत-ए-फकीह' यानी धर्मगुरु की संरक्षकता है। इसके अनुसार सर्वोच्च नेता के पास वही अधिकार होते हैं जो पैगंबर और शिया इमामों को प्राप्त थे। इसका अर्थ यह था कि ईरान पर शिया इस्लाम के एक विद्वान का शासन होगा। यहीं से खोमैनी और बाद में खामेनेई को अपनी व्यापक शक्ति और नियंत्रण प्राप्त हुआ। खामेनेई ने खोमैनी के इशारे पर 1962 से शाह मोहम्मद रज़ा पहलवी के खिलाफ लगभग दो दशक तक क्रांतिकारी गतिविधियों में भाग लिया। खोमैनी को 1964 में निर्वासित कर दिया गया था। 1971 में शाह की गुप्त पुलिस ने खामेनेई को गिरफ्तार कर यातनाएं दीं। उनके संस्मरणों में यह जानकारी दी गयी है।

## संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने सुरक्षा परिषद की आपात बैठक में ईरान पर अमेरिका-इजराइल के हमले की निंदा की

**संयुक्त राष्ट्र:** संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंतोनियो गुतारेस ने ईरान पर अमेरिका-इजराइल के हवाई हमलों की शनिवार को निंदा की और 'क्षेत्र और पूरी दुनिया को संकट से निकालने' के लिए तत्काल फिर से बातचीत शुरू करने का आह्वान किया। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने आपातकालीन बैठक में कहा कि स्थिति को और बिगड़ने से रोकने के लिए हर संभव प्रयास किया जाना चाहिए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, 'वरना व्यापक संघर्ष होने की आशंका है जिसके नागरिकों और क्षेत्रीय स्थिरता के लिहाज से गंभीर परिणाम हो सकते हैं।' गुतारेस ने कहा कि अमेरिका और इजराइल के हवाई हमलों ने संयुक्त राष्ट्र चार्टर सहित अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन किया है। उन्होंने बहरीन, इराक, जॉर्डन, कुवैत, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात की संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन करने के लिए ईरान के जवाबी हमलों की भी निंदा की।

## अमेरिका, इजराइल के हमलों में खामेनेई की मौत के बाद विश्व नेताओं का बातचीत फिर शुरू करने का आह्वान

**ब्रसेल्स:** अमेरिका और इजराइल के हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत की खबर के बीच कई देशों और अंतरराष्ट्रीय नेताओं ने शांति बनाए रखने तथा वार्ता के लिए जोरदार अपील की है। इस हमले के बाद क्षेत्र में हिंसा फैलने की आशंका और तनाव काफी बढ़ गया है। रविवार सुबह ईरान की राजधानी में एक भीषण विस्फोट हुआ। इजराइली सेना ने एक दिन पहले तेहरान तक रास्ता साफ करने का दावा करने के बाद कहा कि वह शहर के केंद्र को निशाना बना रही है। इसी बीच, ईरान ने अपनी जवाबी कार्रवाई जारी रखी तो वहीं कतर, कुवैत और बहरीन ने मिसाइलों की बौछार को रोकने का दावा किया। हाल ही में हुई परमाणु वार्ता में तेहरान और वाशिंगटन के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाने वाले ओमान ने कहा कि रणनीतिक होर्मुज जलडमरूमध्य में एक तेल टैंकर पर हमला हुआ और उसके दुक्म बंदरगाह को ड्रोन हमले में निशाना बनाया गया। इस बंदरगाह का उपयोग अमेरिकी नौसेना रसद केंद्र के रूप में करती है और यहां विमानवाहक पोत ठहर सकते हैं। खामेनेई का निधन, जिनका कोई नामित उत्तराधिकारी नहीं था, संभवतः ईरान के भविष्य को अनिश्चितता में डाल देगा तथा व्यापक संघर्ष की पहले से ही बढ़ती चिंताओं को और बढ़ा देगा। यूरोपीय संघ के 27 देशों के शीर्ष राजनयिक रविवार को ईरान से संबंधित स्थिति और संघ के लिए आगे के कदमों पर चर्चा करने के वास्ते एक आपातकालीन बैठक कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक शनिवार देर रात हुई। संभवतः ट्रंप के साथ पहले से ही तनावपूर्ण संबंधों को और खराब करने से बचने के लिए सतर्क रहते हुए, पश्चिम एशिया के कई देशों सहित कई देशों ने संयुक्त हमलों पर प्रत्यक्ष या स्पष्ट टिप्पणी करने से परहेज किया, लेकिन तेहरान की जवाबी कार्रवाई की निंदा की। ऑस्ट्रेलिया और कनाडा ने अमेरिकी हमलों के लिए खुला समर्थन व्यक्त किया, जबकि रूस और चीन ने सीधे तौर पर आलोचना करते हुए जवाब दिया।

## 'अत्याचार की बेड़ियों' से खुद को मुक्त करो: इजराइल ने ईरान के लोगों से कहा

**यरुशलम:** इजराइल ने ईरान के लोगों से सड़कों पर उतरने और सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया, जबकि ईरान ने देश के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत का बदला लेने की प्रतिबद्धता जताते हुए इसे ''मुसलमानों के खिलाफ युद्ध की खुली घोषणा' बताया। इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने शनिवार को तेहरान में हवाई हमले में खामेनेई के मारे जाने की औपचारिक रूप से घोषणा की। यह घटना इजराइल और अमेरिका द्वारा दिन में पहले ईरान पर संयुक्त हमले शुरू करने के कुछ घंटों बाद हुई। रविवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किये गये फारसी भाषा के एक वीडियो में, इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि इजराइल ईरानी लोगों को 'अत्याचार की बेड़ियों से मुक्त होने' के लिए माहौल बनाने का प्रयास कर रहा है। नेतन्याहू ने कहा, 'यह एक ऐसा मौका है, जो पीढ़ी में केवल एक बार आता है। निष्क्रिय मत बैठो, क्योंकि आपका समय जल्द ही आयेगा।' उन्होंने आग्रह किया, 'जिस मदद का आप लंबे समय से इंतजार कर रहे थे, वह आ गई है। यह ऐतिहासिक मिशन के लिए एकजुट होने और अपने भविष्य को सुरक्षित करने का समय है।' नेतन्याहू का बयान शनिवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की घोषणा जैसा था।

# ईरान पर हमले की कार्रवाई मानवीय नैतिकता और अंतरराष्ट्रीय कानून का घोर उल्लंघन है: पुतिन



**मॉस्को:** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिका और इजराइल के हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के मारे जाने के बाद ईरानी राष्ट्रपति को भेजे संदेश में कहा कि यह कृत्य मानवीय नैतिकता और अंतरराष्ट्रीय कानून के सभी मानदंडों का घोर उल्लंघन है। रूस सरकार के मुख्यालय 'क्रेमलिन' ने रविवार को यह जानकारी दी। ईरान पर इजराइल और अमेरिका द्वारा संयुक्त रूप से शनिवार को किये गए हवाई हमले में खामेनेई की मौत हो गई। पुतिन ने अपने शोक संदेश में कहा, 'ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई और उनके परिवार के सदस्यों के हमले में मारे जाने के संबंध में मेरी गहरी संवेदनाएं स्वीकार करें। इस कृत्य को मानवीय नैतिकता और अंतरराष्ट्रीय कानून के सभी मानदंडों का घोर उल्लंघन करते हुए अंजाम दिया गया है।'

## पाकिस्तान के सैन्य अभियान में लगभग 415 अफगान तालिबान लड़ाके मारे गये: तरार

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान के जारी सैन्य अभियान में 415 अफगान तालिबान लड़ाके मारे जा चुके हैं और 580 से अधिक घायल हो गये हैं। पाकिस्तान के सूचना एवं प्रसारण मंत्री अत्ताउल्लाह तरार ने रविवार को यह जानकारी दी। अफगान तालिबान आतंकवादियों द्वारा 2,600 किलोमीटर से अधिक लंबी सीमा पर 53 स्थानों पर हमले करने और हवाई हमलों के माध्यम से देश के भीतर स्थित सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने के जवाब में पाकिस्तान ने बृहस्पतिवार की रात 'गजब लिल हक' अभियान शुरू किया था। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, तरार ने कहा कि सुरक्षा बलों द्वारा कम से कम 182 अफगान चौकियों को नष्ट कर दिया गया है और 31 अन्य पर कब्जा कर लिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि इस अभियान के दौरान 185 टैंक, बख्तरबंद वाहन और तोपें भी नष्ट कर दी गई हैं, जबकि अफगानिस्तान में 46 स्थानों को हवाई हमलों से प्रभावी ढंग से निशाना बनाया गया है। इससे पहले, पाकिस्तान के संसदीय मामलों के संघीय मंत्री डॉ. तारिक फजल चौधरी ने कहा था कि अफगान तालिबान के खिलाफ अभियान जारी है।

## चीन ने खामेनेई की हत्या की निंदा की, इसे ईरान की संप्रभुता का 'गंभीर उल्लंघन' बताया

**बीजिंग:** चीन ने ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह ईरान की संप्रभुता और सुरक्षा का गंभीर उल्लंघन है और उसने अमेरिका और इजराइल द्वारा उस देश पर किए जा रहे हमले को तत्काल समाप्त करने का आह्वान किया। पश्चिमी एशिया में गहराते संकट को लेकर चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने अपने रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव से टेलीफोन पर बातचीत भी की। ईरान, चीन और रूस का एक मजबूत सहयोगी है। चीन ईरान से काफी मात्रा में तेल और गैस खरीदता है। चीनी विदेश मंत्रालय ने रविवार को एक संक्षिप्त बयान में कहा, ईरान के सर्वोच्च नेता पर हमला और उनकी हत्या ईरान की संप्रभुता और सुरक्षा का गंभीर उल्लंघन है।

### फरवरी में बिना टिकट यात्रा कर रहे 6,000 से अधिक यात्रियों से वसूला गया जुर्माना: जम्मू रेल मंडल

**जम्मू:** उत्तर रेलवे के अंतर्गत जम्मू मंडल में फरवरी में बिना टिकट यात्रा करने वालों के खिलाफ चलाए गए अभियान में 6,000 से अधिक यात्रियों से कुल 38 लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक उचित सिंघल के नेतृत्व में टिकट जांच टीम ने जम्मू तवी, श्री माता वैष्णो देवी कटरा, उधमपुर और पठानकोट छावनी सहित प्रमुख स्टेशन के साथ-साथ मंडल से गुजरने वाली विभिन्न रेलगाड़ियों की गहन जांच की। अधिकारी ने बताया कि फरवरी महीने के दौरान, 6,000 से अधिक यात्रियों को बिना टिकट या अनियमित टिकटों के साथ यात्रा करते हुए पकड़ा गया और उनसे 38 लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया। सिंघल ने कहा कि इस अभियान का प्राथमिक उद्देश्य यात्रियों को सुरक्षित और सम्मानजनक यात्रा का अनुभव प्रदान करना था।

### सिक्किम के ग्यालशिंग में ट्रक खाई में गिरा, तीन लोगों की मौत

**गंगटोक:** सिक्किम के ग्यालशिंग जिले में रविवार तड़के एक ट्रक खाई में गिर गया, जिससे तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, ट्रक निर्माण सामग्री लेकर डेंटम से ग्यालशिंग जा रहा था, तभी टिकजेक वीर में यह हादसा हो गया। पुलिस ने बताया कि ट्रक चालक प्रदीप छेत्री (40) और दो सहायक नागेंद्र गुरुंग (18) और ओन्चेन भूटिया (20) की इस हादसे में मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि हादसे के सटीक कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है।

### पीलीभीत बाघ अभयारण्य में मिला बाघ का शव

**पीलीभीत:** उत्तर प्रदेश में पीलीभीत बाघ अभयारण्य की माला रेंज में शनिवार रात एक वयस्क नर बाघ मृत अवस्था में पाया गया। वन विभाग ने मामले को संदिग्ध मानते हुए जांच शुरू कर दी है। बाघ का शव मिलने की सूचना पर प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) भरत कुमार डीके अपनी टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। डीएफओ ने बताया कि महोफ और माला रेंज के बीच एक वॉच टावर के पास बाघ मृत मिला। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए बरेली से मुख्य वन संरक्षक ने देर रात करीब दो बजे घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके अलावा वन विभाग के क्षेत्र निदेशक और अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक भी पूरे प्रकरण की निगरानी कर रहे हैं। डीएफओ ने बताया कि बाघ के शव को पोस्टमार्टम के लिए भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई), बरेली भेजा जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। प्रारंभिक जांच में बाघ के शरीर पर किसी बाहरी चोट के स्पष्ट निशान नहीं पाए गए हैं। डीएफओ के अनुसार, सामान्यतः बाघों की मृत्यु आपसी संघर्ष या शिकार के कारण होती है, लेकिन शरीर पर घाव न मिलने से वन विभाग इस मामले को संदिग्ध मान रहा है। उन्होंने बताया कि 'प्रोजेक्ट टाइगर' के नोडल अधिकारी भी घटनास्थल का दौरा करेंगे, ताकि सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी में किसी संभावित चूक की जांच की जा सके।

**NOTICE**

In the Court of Ld. Additional District Judge, Fast Track-I, at Sealdah

**Misc Case no. 05 of 2025**

Pinki Kumari Shaw ...... Petitioner

--Vs--

Raj Kapoor Shaw .... Opposite Party

To.
Sri Raj Kapoor Shaw,
Son of Late Raj Kumar Shaw
13, Roy Charan Paul Lane,
Kolkata- 700046
P.S.- Topsia

The petitioner has instituted the above noted case against you on 04.04.2025.

Hence, you are directed to appear before the Ld. Additional District Judge, F.T.-I, at Sealdah, on 09.04.2026 by personally or through authorized advocate otherwise the case shall be heard ex-parte.

Dated: 27.02.2026

By Order
Prasenjit Biswas

# ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई की मौत के बाद भारत के कई हिस्सों में प्रदर्शन हुए

## कश्मीर में स्कूल और कॉलेज दो दिन तक बंद रहेंगे


**श्रीनगर/लखनऊ:** अमेरिका-इजराइल के संयुक्त हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत की खबर के बाद रविवार को कश्मीर से लेकर कर्नाटक तक देश के कई हिस्सों में शिया समुदाय के लोग सड़कों पर उतर आए। प्रदर्शनकारियों ने इस घटनाक्रम पर गहरा दुख और आक्रोश व्यक्त करते हुए अमेरिका और इजराइल के खिलाफ नारेबाजी की। ईरानी सरकारी मीडिया ने तेहरान में हुए हवाई हमले में खामेनेई की मौत की पुष्टि की, जिसके बाद विभिन्न राज्यों में विरोध-प्रदर्शनों का सिलसिला शुरू हो गया। जम्मू-कश्मीर के लाल चौक, सैदा कदल, बडगाम, बांदीपोरा, अनंतनाग और पुलवामा में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हुए। कई स्थानों पर लोगों को सीना पीटते और



मातम मनाते देखा गया। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने ईरान में हुए घटनाक्रम पर गहरी चिंता जताई और राज्य में शांति बनाए रखने की अपील की। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया कि मुख्यमंत्री ने सभी समुदायों से संयम बरतने और किसी भी प्रकार के तनाव से बचने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सरकार स्थिति पर नजर रखे हुए है और शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में बड़ा इमामबाड़ा के पास बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए और विरोध-प्रदर्शन किया। महिलाओं को खामेनेई की तस्वीरों के साथ शोक व्यक्त करते देखा गया। अखिल भारतीय शिया पर्सनल लॉ बोर्ड ने तीन दिन के शोक की घोषणा की है। इस दौरान समुदाय के लोगों ने काले कपड़े पहनने और शोक सभाएं आयोजित करने का निर्णय लिया है। पंजाब के लुधियाना, राजस्थान के अजमेर तथा दिल्ली, बिहार, झारखंड और तेलंगाना में भी प्रदर्शन और शोक सभाओं का आयोजन किया गया। कर्नाटक के चिक्कबल्लापुर जिले के अलीपुर गांव में, जहां खामेनेई के 1986 में आने का उल्लेख किया जाता है, लोगों ने मौन रखकर श्रद्धांजलि दी और तीन दिन तक सार्वजनिक कार्यक्रम स्थगित करने की घोषणा की। प्रशासन ने सभी स्थानों पर शांति बनाए रखने की अपील की है और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

# पंजाब में धर्मांतरण हो रहा है: अमित शाह ने राज्य सरकार से कार्रवाई करने को कहा

**नवी मुंबई:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि पंजाब में धर्मांतरण हो रहा है और उन्होंने भगवंत मान सरकार और आम लोगों से लालच से प्रेरित इस चलन को रोकने की अपील की। शाह ने नवी मुंबई के खारघर में गुरु तेग बहादुर की 350वीं बरसी के उपलक्ष्य में आयोजित 'हिंद-दी-चादर' स्मृति कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गुरु तेग बहादुर के बलिदान का स्मरण किया। शाह ने कहा, आज यहां कहा जा रहा है कि पंजाब में धर्मांतरण हो रहा है। गुरु तेग बहादुर ने दूसरों के धर्मों को बचाने के लिए स्वयं को बलिदान कर दिया। उन्होंने अत्याचार सहे, लेकिन आज हम अगर कुछ लालच के कारण धर्म



परिवर्तन करना पसंद करते हैं, तो हम अपने महान नेताओं के अनुयायी नहीं कहला सकते। पंजाब सरकार और पंजाब के समाज को धर्म परिवर्तन रोकना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि पंजाब सरकार, समाज और सभी धर्मों के लोगों को वहां हो रहे धर्मांतरण को रोकना होगा। शाह ने कहा कि अगर गुरु तेग बहादुर ने हिंदू धर्म को बचाने के लिए अपना बलिदान न दिया होता, तो दुनिया में एक भी हिंदू नहीं बचता। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने पहले इस कथन पर आपत्ति जताई थी, लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि सभी को इस सत्य को स्वीकार करना चाहिए। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए, भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि गुरु ने घोर अन्याय और अत्याचारों का सामना किया और अपने से कहीं अधिक शक्तिशाली शत्रुओं से लड़ाई लड़ी। उन्होंने कहा, उनके बलिदान ने हिंदुओं को प्रेरित किया और उन्हें अपना संघर्ष जारी रखने का साहस दिया।

### मोहन भागवत ने राधा स्वामी सत्संग ब्यास केंद्र का दौरा किया

**लखनऊ :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सर संघचालक मोहन भागवत ने लखनऊ के मोहनलालगंज स्थित राधा स्वामी सत्संग ब्यास केंद्र का रविवार को दौरा किया। आरएसएस सूत्रों ने कहा, ''राधा स्वामी सत्संग ब्यास के मोहनलालगंज केंद्र में अपने संक्षिप्त प्रवास के दौरान भागवत ने वहां उपस्थित लोगों से बातचीत की और फिर वह लखनऊ से रवाना हो गए। भागवत इससे पहले 18 और 19 फरवरी को दो दिवसीय लखनऊ दौरे पर थे। आरएसएस सूत्रों ने बताया कि पिछली बार के विपरीत, आरएसएस प्रमुख का कोई सार्वजनिक कार्यक्रम नहीं था।

# न्याय व्यवस्था में बार व पीठ को अलग नहीं किया जा सकता: प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत

**तिरुपति:** भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने रविवार को कहा कि बार न्याय व्यवस्था का अभिन्न अंग है और इसे अलग नहीं किया जा सकता हालांकि लोग सोचते हैं कि न्याय देना केवल न्यायालयों की जिम्मेदारी है, जो एक मिथक है। सीजेआई सूर्यकांत ने यहां जिला न्यायालय परिसर की आधारशिला रखने के बाद कहा कि बार और पीठ एक-दूसरे के विरोधी नहीं बल्कि एक ही संस्था के दो पहलू हैं। एक मजबूत बार सशक्त वकालत का आधार है। सशक्त वकालत न्यायाधीशों को



अधिक गहन चिंतन, अधिक सावधानीपूर्वक दलील देने और अधिक स्पष्ट फैसले लेखन के लिए प्रेरित करती है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, बार के मेरे प्रिय सदस्यों, आप न्यायिक व न्याय व्यवस्था का अभिन्न अंग हैं। आपको अलग नहीं किया जा सकता, जैसा कि कभी-कभी लोग सोचते हैं कि न्याय देना केवल न्यायाधीशों की जिम्मेदारी है। यह एक भ्रम है, यह सत्य नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि बार द्वारा दी जाने वाली सहायता की गुणवत्ता न्यायाधीश के समग्र कार्य में परिलक्षित होती है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि बार के सदस्य जितनी बेहतर दलीलें पेश करते हैं, फैसले की गुणवत्ता उतनी ही बेहतर होती है और जब फैसला तर्कसंगत होता है, तो कानून के शासन में जनता का विश्वास बढ़ता है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि वह इस बात के प्रबल समर्थक हैं कि न्यायालय परिसरों को अस्पतालों की तरह व्यवहार और कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा, जब कोई मरीज आता है, तो सबसे पहले उसे प्राथमिक चिकित्सा सहायता प्रदान की जाती है ताकि उसे यह महसूस हो कि वह सुरक्षित हाथों में है, उसका जीवन खतरे में नहीं है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, न्याय के लिए आने वाले व्यक्ति के साथ भी ऐसा ही होना चाहिए।

# कांग्रेस ने पुडुचेरी को दिल्ली में 'एक परिवार' के लिए 'एटीएम' बना दिया: मोदी





### प्रधानमंत्री मोदी ने पुडुचेरी में 2,700 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन किया

**पुडुचेरी:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पुडुचेरी पहुंचने पर रविवार को जोरदार स्वागत किया गया और उन्होंने यहां बुनियादी ढांचे, शहरी सेवाओं, औद्योगिक विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा तथा सतत विकास को मजबूत करने के मकसद से 2,700 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की शुरुआत की। पुडुचेरी के मुख्यमंत्री एन. रंगासामी ने प्रधानमंत्री को एक शॉल, भगवान मुरुगन की चांदी की मूर्ति, चांदी का भाला (वेल) और तंजावुर की एक चित्रकला भेंट की। मोदी ने पीएम ई-बस सेवा पहल के तहत ई-बसों का उद्घाटन, स्मार्ट सिटी मिशन के तहत 'इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर', 'सिटी इन्वेस्टमेंट्स टू इनोवेट, इंटीग्रेट एंड सस्टेन' (सीआईटीआईआईएस) पहल के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए आवास और पुडुचेरी सरकार की महत्वपूर्ण सीवरेज तथा जल आपूर्ति क्षेत्र की परियोजनाएं जैसी कई प्रमुख पहलों की शुरुआत की। प्रधानमंत्री के आगमन पर पुडुचेरी के उपराज्यपाल के. कैलाशनाथन और मुख्यमंत्री रंगासामी ने उनका स्वागत किया।

### प्रधानमंत्री मोदी ने तिरुप्परनकुंद्रम स्थित मंदिर में पूजा-अर्चना की

**मदुरै (तमिलनाडु):** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मदुरै के पास तिरुप्परनकुंद्रम स्थित अरुलमिगु सुब्रह्मण्य स्वामी मंदिर पहुंचे। प्रधानमंत्री शाम लगभग 4:15 बजे मंदिर पहुंचे, जहां मंदिर प्रशासन ने उन्हें 'पूर्ण-कुंभ' सम्मान प्रदान किया। धोती, कुर्ता पहने और शॉल



ओढ़े प्रधानमंत्री ने मंदिर की परिक्रमा की और बाद में पूजा-अर्चना की। मोदी के साथ राज्यपाल आर एन रवि, केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन और भाजपा के राज्य प्रमुख नैनार नागेंद्रन भी थे। पिछले साल पहाड़ी की चोटी पर स्थित दीपाथून (स्तंभ) पर दीप जलाने को लेकर हुए विवाद के बाद मोदी इस मंदिर में पहुंचे। यह मामला अदालत तक पहुंच गया था। अदालत ने भक्तों के दीपाथून पर दीप जलाने के अधिकार के पक्ष में फैसला सुनाया।

### प्रधानमंत्री मोदी ने मदुरै में 4,400 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन किया

**मदुरै:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि केंद्र का सामूहिक लक्ष्य एक विकसित भारत के लिए एक विकसित तमिलनाडु है, और उन्होंने आश्वासन दिया कि केंद्र समावेशी विकास और राज्य की प्रगति को सक्षम बनाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। यहां 4,400 करोड़ रुपये से अधिक की अवसंरचना परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में उन्होंने कहा, हमारा सामूहिक लक्ष्य एक विकसित भारत के लिए एक विकसित तमिलनाडु है। प्रत्येक भारतीय 2047 तक एक विकसित राष्ट्र के निर्माण के लिए प्रेरित है। तमिलनाडु राष्ट्र के भविष्य को आकार देने में निर्णायक भूमिका निभाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार समावेशी विकास और राज्य की प्रगति को सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध रहेगी।

**पुडुचेरी:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कांग्रेस पर हमला करते हुए आरोप लगाया कि इस केंद्र शासित प्रदेश में उसका शासन राजनीतिक अस्थिरता और भ्रष्टाचार से ग्रस्त था, तथा यह केंद्र शासित प्रदेश दिल्ली में 'एक परिवार के लिए एटीएम' की तरह था। द्रमुक पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि जनता पड़ोसी राज्य तमिलनाडु में हो रहे 'घोटालों' की एक लंबी सूची देख सकती है, जहां द्रविड़ पार्टी का शासन है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुडुचेरी में कांग्रेस के पूर्व शासनकाल के दौरान राशन की दुकानों में चावल नहीं था, वेतन में देरी होती थी, और सड़कों पर गुंडे तथा ड्रग माफिया का राज था। मोदी ने यहां नयी परियोजनाओं की शुरुआत और नयी पहलों के लिए आधारशिला रखने के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, 'कांग्रेस ने पुडुचेरी को दिल्ली में बैठे एक परिवार के लिए एटीएम बना दिया था।' उन्होंने कहा कि कांग्रेस और द्रमुक पुडुचेरी के विकास पथ में 'गतिरोधक' बन गए हैं।सरकार ने पुडुचेरी को केवल राज्यों के लिए बनाई गई पूंजी निवेश से जुड़ी विशेष सहायता योजना में शामिल किया है। स्वतंत्रता आंदोलन में पुडुचेरी क्षेत्र की भूमिका की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, 'वर्ष 2047 तक हमें एक विकसित पुडुचेरी, एक विकसित भारत का निर्माण करना होगा; पुडुचेरी की 'डबल इंजन' सरकार इस मिशन में आपके साथ है और हम सर्वश्रेष्ठ पुडुचेरी के लिए काम करते रहेंगे।' उन्होंने कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि पुडुचेरी 'मेडिकल टूरिज्म' का केंद्र बन सकता है। यहां पहले से ही नौ मेडिकल कॉलेज हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र और केंद्र शासित प्रदेश के एक ही दृष्टिकोण के साथ काम करने से पुडुचेरी में सुशासन और विकास देखने को मिला है। मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार ने पुडुचेरी को विशेष पूंजी निवेश सहायता योजना में शामिल किया है, जो केवल राज्यों के लिए है। उन्होंने कहा कि इस कदम से सड़कों सहित बेहतर बुनियादी ढांचे के रूप में केंद्र शासित प्रदेश के लोगों को लाभ होगा।

# पश्चिम एशिया संकट: दुबई और शारजाह में भारतीय नागरिक फंसे, केंद्र से मदद की अपील

**चंडीगढ़/पुणे:** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण संयुक्त अरब अमीरात में कई भारतीय नागरिक फंस गए हैं। इनमें पंजाब के एक कॉलेज की प्रधानाचार्य और पुणे के 84 एमबीए छात्र शामिल हैं। सभी ने सुरक्षित और शीघ्र वापसी के लिए केंद्र सरकार से सहायता की मांग की है। पंजाब के बठिंडा स्थित 'एसएसडी गर्ल्स कॉलेज' की प्रधानाचार्य नीरू गर्ग दुबई यात्रा पर गई थीं, लेकिन हालात बिगड़ने के बाद शारजाह में फंस गईं। उन्होंने सोशल मीडिया पर साझा एक वीडियो में बताया कि पांच दिन की यात्रा के अंतिम दिन अमृतसर लौटने की तैयारी के दौरान उन्होंने अपने पास मौजूद दिरहम खर्च कर दिए थे। हवाई क्षेत्र बंद होने से उनकी उड़ान रद्द हो गई और अब उनके पास न तो पर्याप्त नकद धन है और न ही जरूरी दवाइयां। उन्होंने केंद्र सरकार से उन्हें और अन्य भारतीय यात्रियों को सुरक्षित निकालने की अपील की है। इसी बीच, पुणे स्थित इंदिरा स्कूल ऑफ बिजनेस स्टडीज (आईएसबीएस) के 84 छात्र दुबई में फंसे हुए हैं। संस्थान के अधिकारियों के अनुसार, छात्र वार्षिक पांच दिवसीय अध्ययन यात्रा पर दुबई गए थे। 40 विद्यार्थियों को शनिवार और शेष 44 को रविवार को पुणे लौटना था, लेकिन संघर्ष के कारण हवाई क्षेत्र पर लगाए गए प्रतिबंधों से उनकी उड़ानें रद्द हो गईं। अधिकारियों ने बताया कि सभी विद्यार्थी सुरक्षित हैं और उन्हें एक होटल में ठहराया गया है। संस्थान लगातार छात्रों और संबंधित अधिकारियों के संपर्क में है। परिजनों और संस्थान प्रशासन ने केंद्र सरकार तथा भारतीय दूतावास से अपील की है कि मौजूदा हालात को देखते हुए जल्द से जल्द वैकल्पिक व्यवस्था कर छात्रों और अन्य फंसे भारतीयों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित की जाए।



### दुबई में फंसीं अभिनेत्री सोनल चौहान ने प्रधानमंत्री मोदी से सुरक्षित वापसी के लिए मदद मांगी



**नयी दिल्ली:** 'जन्नत' और '3जी- ए किलर कनेक्शन' जैसी फिल्मों में अभिनय से मशहूर हुईं अभिनेत्री सोनल चौहान ने सभी उड़ान सेवाओं के अनिश्चितकालीन निलंबन के बीच दुबई में फंस होने पर भारत लौटने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मदद का अनुरोध किया। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण दुबई में उड़ानें निलंबित कर दी गई। सोनल ने शनिवार को 'इंस्टाग्राम' पर एक नोट साझा किया और कहा कि भारत लौटने का कोई रास्ता दिखाई नहीं दे रहा है। उन्होंने लिखा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी, मैं मौजूदा संकट के कारण फिलहाल दुबई में फंसी हुई हूं। उड़ानें रद्द हैं और भारत लौटने का कोई रास्ता नहीं दिखाई दे रहा। सोनल ने कहा, मैं सुरक्षित घर वापसी के लिए सरकार से मदद का अनुरोध करती हूं। किसी भी प्रकार की सहायता के लिए आभारी रहूंगी। बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु 'ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट' के लिए ब्रिटेन के बर्मिंघम जा रही थीं लेकिन वह भी दुबई में फंस गईं।

# संप्रभु राष्ट्र के नेतृत्व की लक्षित हत्या निंदनीय : प्रियंका गांधी

**नयी दिल्ली:** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने रविवार को ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को मार दिए जाने की निंदा करते हुए कहा कि 'लोकतांत्रिक दुनिया के तथाकथित नेताओं' द्वारा एक संप्रभु राष्ट्र के नेतृत्व की लक्षित हत्या और असंख्य निर्दोष लोगों की हत्या निंदनीय है तथा इसकी कड़ी निंदा की जानी चाहिए। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भी निशाना साधा और कहा कि उन्हें उम्मीद है कि इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने 'घुटने टेकने' के बाद, प्रधानमंत्री प्रभावित देशों में फंसे सभी भारतीय नागरिकों को सुरक्षित वापस घर लाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। प्रियंका ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'लोकतांत्रिक दुनिया के तथाकथित नेताओं द्वारा एक संप्रभु राष्ट्र के नेतृत्व की लक्षित हत्या और असंख्य निर्दोष लोगों की हत्या निंदनीय है तथा इसकी कड़ी निंदा



की जानी चाहिए, चाहे इसके पीछे कोई भी घोषित कारण हो।' उन्होंने कहा कि यह दुखद है कि कई राष्ट्र अब संघर्ष में घसीटे जा रहे हैं। प्रियंका ने इस बात पर जोर दिया कि दुनिया को शांति की जरूरत है, अनावश्यक युद्धों की नहीं। उन्होंने कहा, 'दुनिया के जिम्मेदार लोगों को महात्मा गांधी के शब्दों को याद रखना चाहिए: आंख के बदले आंख पूरी दुनिया को अंधा बना देगी।'

### पुंछ में सीमा पार से घुसा पाकिस्तानी ड्रोन, सेना ने की गोलीबारी

**जम्मू:** जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में रविवार तड़के नियंत्रण रेखा (एलओसी) पार करके भारतीय सीमा में घुसे एक पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराने के लिए सेना के जवानों ने गोलीबारी की। अधिकारियों ने बताया कि ड्रोन डिगवार क्षेत्र में कुछ देर मंडराने के बाद पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में लौट गया। पिछले तीन दिनों में यह दूसरी बार था जब सीमा पार से ड्रोन की गतिविधि का पता चलने के बाद जवानों ने गोलीबारी की। अधिकारियों ने बताया कि अग्रिम चौकी पर तैनात सैनिकों ने सुबह करीब छह बजकर 10 मिनट पर दुश्मन के ड्रोन को देखा और उसे गिराने के लिए 12 से अधिक गोलियां चलायीं। हालांकि, ड्रोन गोलीबारी से बच निकला और तुरंत वापस लौट आया। अधिकारियों ने बताया कि ड्रोन द्वारा हथियारों या नशीले पदार्थों की कोई तस्करी न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए तलाश अभियान शुरू किया गया था। जवानों ने 27 फरवरी को भी इसी इलाके में एक पाकिस्तानी ड्रोन पर गोलीबारी की थी।

# सेमीकॉन 2.0 डीप-टेक स्टार्टअप को बढ़ावा देगा, डिजाइन पारिस्थितिकी का निर्माण करेगा : वैष्णव

**गांधीनगर:** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को कहा कि केंद्र सरकार का 'सेमीकंडक्टर मिशन 2.0' डीप-टेक स्टार्टअप को मजबूत करने, डिजाइन पारिस्थितिकी के निर्माण को प्राथमिकता देने और देश में उपकरण निर्माण एवं डिजाइन सुविधाएं स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। यहां 'गुजरात सेमीकनेक्ट कॉन्फ्रेंस 2026' के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने कहा कि सेमीकंडक्टर क्षेत्र में 20 लाख प्रतिभाओं की कमी छात्रों के लिए अपार अवसर पैदा करेगी। उन्होंने कहा, 'सेमीकॉन 2.0, सेमीकॉन 1.0 के बिल्कुल विपरीत होगा, जिसका मुख्य उद्देश्य भारत में विनिर्माण सुविधाएं स्थापित करना था। हमने वह हासिल कर लिया है। हमारे पास 10 संयंत्र हैं, जिनमें से पहले संयंत्र में कल से व्यावसायिक उत्पादन शुरू हो गया है। बहुत जल्द दूसरा संयंत्र भी व्यावसायिक उत्पादन शुरू कर देगा।' वैष्णव ने कहा कि भारत के सेमीकंडक्टर मिशन के दूसरे चरण सेमीकॉन 2.0 की सर्वोच्च प्राथमिकता एक 'डिजाइन पारिस्थितिकी तंत्र' बनाना होगा, ताकि डीप-टेक स्टार्टअप को अगला क्वालकॉम, ब्रॉडकॉम या एनवीडिया विकसित करने





का अवसर मिल सके। उन्होंने कहा, 'और यह आसान सफर नहीं होने वाला है; यह एक बहुत बड़ा काम होने वाला है और हम इसकी जटिलता को समझते हैं। इसीलिए हम इसके बारे में बहुत यथार्थवादी और व्यावहारिक हैं।' वैष्णव ने बताया कि 20 साल की इस यात्रा की नींव को मजबूत बनाने के लिए देश में सामग्री, मशीन, उपकरण, परीक्षण और सत्यापन की एक सुस्थापित प्रणाली का होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रतिभा, जो कि सेमीकॉन 1.0 में एक बहुत बड़ी प्राथमिकता रही है, सेमीकॉन 2.0 में भी एक प्राथमिकता बनी रहेगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा, 'पहले संस्करण में हमने वादा किया था कि 10 वर्षों में 85,000 इंजीनियरों को सेमीकंडक्टर डिजाइन में प्रशिक्षित किया जाएगा। यह लक्ष्य हमने मात्र चार वर्षों में ही हासिल कर लिया है।' उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर सेमीकंडक्टर क्षेत्र 800-900 अरब डॉलर से बढ़कर एक हजार अरब डॉलर का उद्योग बनने जा रहा है, ऐसे में दूसरे चरण में पैदा होने वाली 20 लाख प्रतिभाओं की कमी छात्रों के लिए अवसर पैदा करेगी। वैष्णव ने कहा, 'हम इसके लिए तैयार हैं। सेमीकंडक्टर 1.0 में 350 विश्वविद्यालयों से शुरू करके हम इसे 500 विश्वविद्यालयों तक ले जाएंगे। हर राज्य में इतने विश्वविद्यालय और कॉलेज होंगे जहां छात्र सेमीकंडक्टर डिजाइन, निर्माण, परीक्षण और सत्यापन में प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे और इससे युवाओं के लिए अवसरों का एक विशाल और निरंतर प्रवाह उत्पन्न होगा।'

# छत्तीसगढ़ : माओवादी विकास सहित 15 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया

**महासमुंद (छत्तीसगढ़):** छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में रविवार को कुल 73 लाख रुपये के इनाम वाले 15 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया, जिनमें माओवदियों के संगठन में विशेष क्षेत्रीय समिति



स्तर का सदस्य विकास भी शामिल है। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस आत्मसमर्पण के साथ, ओडिशा की सीमा से लगे रायपुर-संबलपुर क्षेत्र में प्रतिबंधित माओवादी संगठन का सफाया हो चुका है। पुलिस के मुताबिक, आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में नौ महिलाएं भी शामिल हैं। ये नक्सली प्रतिबंधित संगठन के बालांगीर-बरगढ़-महासमुंद (बीबीएम) डिवीजन से संबंधित थे और छत्तीसगढ़-ओडिशा सीमा पर सक्रिय थे।

